■ आश्विन शुक्ल - 5 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 75 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 07-10-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 संसद, विधानसभाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी : राहुल गांधी

6 असुरों के पुराण प्रसिद्ध भ्राताद्वय मधु व कैटभ

7 फिल्म मेकिंग को सबसे प्यारी चीज मानते हैं संजय लीला भंसाली



## फर्स्ट टेक

### साध्वी प्राची ने जान का खतरा बताते हुए पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**हरिद्वार/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की नेता साध्वी प्राची ने अपनी जान को खतरा बताते हुए रविवार को पुलिस से सुरक्षा मुहैया की गुहार लगाई। साध्वी प्राची ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनके वैदिक निकेतन आश्रम में अपने दो छोटे बच्चों के साथ शरण लेने आयी एक महिला ने उनके खिलाफ साजिश रची है। साध्वी ने पुलिस से पूरे प्रकरण की जांच करने तथा उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। विहिप नेता ने बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने अपने आश्रम में सोनिया नाम की एक महिला को शरण दी थी, जिसने खुद को बेसहारा बताया था। साध्वी ने बताया कि कुछ दिन पहले आश्रम में सोनिया से मिलने एक धर्म विशेष का व्यक्ति एक बच्चे के साथ आया, जिससे उन्हें उस पर शक हुआ और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। जिसने सोनिया के सामान की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस को तलाशी में महिला के पास सोनिया चौधरी, सोनिया बानो, प्रज्ञा शर्मा आदि कई नामों के आधार कार्ड के अलावा धर्म विशेष के ग्रंथ, एक हथियार और दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया।

### पाकिस्तान सरकार ने पश्तून राजनीतिक दल को प्रतिबंधित किया

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान सरकार ने जातीय पश्तून समुदाय के अधिकारों की पैरोकारी करने वाले राजनीतिक दल पश्तून तहफुज मूवमेंट (पीटीएम) को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए रविवार को प्रतिबंधित कर दिया। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, ''संघीय सरकार के पास यह मानने के कारण हैं कि पीटीएम देश की शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली कुछ गतिविधियों में संलिप्त है... सरकार पीटीएम को प्रतिबंधित संगठन के रूप में प्रथम अनुसूची में सूचीबद्ध करती है।'' पीटीएम अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबायली क्षेत्र में सक्रिय है और अक्सर पाकिस्तानी सेना की कटु आलोचना किया करता है।

### हिमाचल प्रदेश के ऊना में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव

**ऊना (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में स्थित अंब-अंदौरा स्टेशन से नयी दिल्ली जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस के चार डिब्बे उस समय क्षतिग्रस्त हो गए, जब उपद्रवियों ने ट्रेन पर पथराव किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 07-10-2024 6:05 बजे | सूर्योदय 08-10-2024 6:09 बजे |
| BSE 81,688.45 (-808.65) | NSE 25,014.60 (-235.50) |
| सोना 7,953 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 92,585 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### भौंचक्के हम

शेयर के भाव गिरे जाते,
बढ़ रहे दाम नित सोने के।
निफ्टी सेंसेक्स धँसे जाते,
दिन बाजारों के रोने के।
दल बदलू नेताओं के हैं,
सपने अपने हित ढोने के।
दिख रहे तमाशे सभी ओर,
अपने मूल्यों को खोने के।।

# 'संयुक्त राष्ट्र 'पुरानी कंपनी' जैसी'

## जो बाजार के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र के प्रति आलोचनात्मक रुख अख्तियार करते हुए कहा कि यह वैसी ''पुरानी कंपनी' की तरह है, जो बाजार के साथ पूरी तरह से तालमेल तो नहीं बिठा पा रहा, लेकिन जगह घेरे हुए है।

विदेशमंत्री ने यहां आयोजित कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में संवाद करते हुए कहा कि दुनिया में दो बहुत गंभीर संघर्ष चल रहे हैं, ''ऐसे में संयुक्त राष्ट्र कहां है, अनिवार्य रूप से मूकदर्शक बना हुआ है।''

■ दुनिया में दो बहुत गंभीर संघर्ष चल रहे हैं, "ऐसे में संयुक्त राष्ट्र कहां है, अनिवार्य रूप से मूकदर्शक बना हुआ है।"





जयशंकर ने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के संभावित नतीजों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका ने वास्तव में भू-राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण में 'बदलाव' किया है और नवंबर में नतीजे चाहे जो भी हों, आने वाले दिनों में यह रुझान 'तेज' होगा।

जयशंकर ने 'भारत और विश्व' विषय पर आयोजित संवादात्मक सत्र में हिस्सा लिया और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत की भूमिका और चुनौतियों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने कहा, ''इसलिए, हम विकासशील होने के साथ-साथ विपरीत परिस्थितियों की दृष्टि से जरूरी रोड़ा भी हैं।'' उन्होंने इस दौरान श्रीलंका जैसे अपने पड़ोसियों सहित अन्य देशों की मदद के लिए भारत द्वारा उठाए गए कुछ कदमों का उल्लेख भी किया।

### द्विपक्षीय वार्ता की संभावना को खारिज किया

जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आगामी पाकिस्तान यात्रा के बारे में पूछे जाने पर एक बार फिर अपने पाकिस्तानी समकक्ष के साथ किसी भी द्विपक्षीय वार्ता की संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ''मैं वहां एक निश्चित काम, एक निश्चित जिम्मेदारी के लिए जा रहा हूं। मैं अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेता हूं। इसलिए, मैं एससीओ बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वहां जा रहा हूं और यही मैं करने जा रहा हूं।''



# भारतीय वायुसेना का एयर शो लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल

**चेन्नई/एजेन्सी।** भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर चेन्नई के मरीना बीच पर आयोजित शानदार एयर शो ने रविवार को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया। यह सबसे बड़े एयर शो में से एक होने और इसके भव्य प्रदर्शन के लिए रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया है। इस शो को 15 लाख लोगों ने देखा, जो 21 साल के अंतराल के बाद मरीना में आयोजित एयर शो में देखी गई सबसे अधिक भीड़ है। पिछली बार जब यह कार्यक्रम 2003 में यहां आयोजित किया गया था और उस समय 13 लाख लोगों ने इसे देखा था। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है,चेन्नई के लोगों ने भारतीय वायुसेना द्वारा अपनी 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक शानदार एयर शो देखा, जिसने इस शो को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल करा दिया। विज्ञप्ति में कहा गया,15 लाख से ज़्यादा लोगों ने देश के वायु योद्धाओं के रंगारंग और शानदार प्रदर्शन को देखा, जिसमें उनके 72 से ज़्यादा विमान शामिल थे।

# 1800 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/नई दिल्ली/एजेन्सी।** देश में नशीले पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ शिकंजा लगातार कसा जा रहा है।

गुजरात एटीएस और दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने भोपाल में नशीले पदार्थ बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है और इस फैक्ट्री से 1800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ड्रग्स बरामद की गई है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में भी कामयाबी मिली है। इस मामले में भोपाल के रहने वाले अमित चतुर्वेदी और नासिक के रहने वाले सान्याल बाने को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स के अवैध निर्माण और बिक्री में शामिल थे।





## रेल मंत्री ने बेंगलूरु में नमो भारत ट्रेनों की घोषणा की

**बेंगलूरु/एजेन्सी।** रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलूरु की यातायात समस्याओं को कम करने और क्षेत्रीय संपर्क में सुधार करने के लिए नमो भारत सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरुआत की घोषणा की है। वैष्णव ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि बेंगलूरु स्थित भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) में निर्माणाधीन ये ट्रेनें जल्द ही बेंगलूरु से तुमकुरु और मैसूरु तक के मार्गों पर संचालित होंगी, जिससे शहरों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित किया, जिसमें बेंगलूरु से चेन्नई, मदुरई और हैदराबाद तक के मार्गों पर 100 प्रतिशत से अधिक यात्री भार दर्ज किया गया है। इसे साफ है कि राज्य में तेज और आरामदायक रेल यात्रा की मांग है। वैष्णव ने कहा, नमो भारत ट्रेनें किफायती किराए पर विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी, विशेष रूप से मध्यम वर्ग के यात्रियों के लिए अधिकतम आराम और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। नई ट्रेनें उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस होंगी। कवच प्रणाली, किसी भी आसन्न खतरे के बारे में ड्राइवर को सचेत करने के लिए डिज़ाइन की गई है। बेंगलूरु में ट्रेन सेवाओं को हवाई यात्रा के साथ बेहतर ढंग से जोड़ने की योजना है।

## कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का दावा

# सिद्दरामय्या दशहरा के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसुरु/चन्नापटना/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने रविवार को दावा किया कि मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में आरोपों का सामना कर रहे मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या दशहरा के बाद इस्तीफा दे सकते हैं।



सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सत्ता में आई थी।

विजयेंद्र ने कहा, ''राज्य में हालात ऐसे हैं कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या हर रोज मीडिया के सामने यह स्पष्ट कर रहे हैं कि वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे। वह इतने बुरे हालात में हैं.....कुछ मंत्री भी दावा कर रहे हैं कि सिद्दरामय्या मुख्यमंत्री बने रहेंगे, वहीं दूसरी ओर सिद्दरामय्या ने सतीश जारकीहोली (वरिष्ठ मंत्री) को दिल्ली भेजा था....।'' मैसुरु में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह तय है कि सिद्दरामय्या अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने कहा, ''जैसे ही हमारी पदयात्रा (मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर बेंगलूरु से मैसुरु तक पैदल मार्च) समाप्त हुई, उल्टी गिनती शुरु हो गई।

# 'जहां सत्य होता है नैतिकता होती है'


## साध्वी ऋतंभरा भारतीय संस्कृति को पहुंचा रही है विदेशों तकः ओम बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मथुरा/एजेन्सी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा जिस प्रकार से ऐसे बच्चों का मां के रूप में पालन पोषण कर रही हैं जिनका समाज में कोई नही है प्रशंसनीय और प्रेरणादायक है।

वात्सल्य ग्राम वृन्दावन में रविवार को आयोजित द्विदिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन मे मरीजों को चश्मे, दवाइयों आदि का वितरण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बिरला ने कहा कि वृन्दावन, गोवर्धन एवं बांकेबिहारी की यह धरती आध्यात्मिक धर्म की धरती है। उन्होने कहा कि साध्वी ऋतंभरा नेत्र शिविर के साथ ऐसे कई सामाजिक ,मानव कल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा नर सेवा नारायण सेवा है। अपने आध्यात्मिक धर्म , ज्ञान और संस्कृति से साध्वी ऋतंभरा दुनिया में भारतीय संस्कृति को पहुंचा रही हैं। उनके इस प्रकार के कार्य से समाज को न केवल प्रेरणा मिलती है बल्कि नई दिशा मिलती है तथा एक ऐसे समाज का निर्माण होता है जहां सत्य होता है नैतिकता होती है और चुनौतियों से लड़ने का साहस और ऊर्जा मिलती है।''







# उत्तरी गाजा में इजराइल की बमबारी तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी)/एपी।** गाजा पट्टी की एक मस्जिद पर इजराइली हवाई हमले में रविवार तड़के कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी। फलस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इजराइल ने ईरान-समर्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ युद्ध का दायर बढ़ाते हुए उत्तरी गाजा और दक्षिणी बेरूत में बमबारी तेज कर दी है।

मध्य दीर अल-बला शहर के मुख्य अस्पताल के समीप एक मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया। शहर के निकट विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले में चार अन्य लोग मारे गए।

इजराइली सेना ने बिना कोई सबूत दिए कहा कि दोनों हमले आतंकवादियों को निशाना बनाकर किए गए।

एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने अल-अक्सा शहीद अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चला कि मस्जिद पर हमले में मरने वाले सभी लोग पुरुष थे।

इजराइल पिछले साल सात अक्टूबर को हमास द्वारा उस पर किये गये हमले के करीब एक साल बाद भी उससे लड़ रहा है और उसने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। पिछले सप्ताह तेहरान द्वारा इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किए जाने के बाद इजराइल ने भी ईरान पर हमला करने की कसम खाई है।

बढ़ते संघर्ष में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम है, जिसने इजराइल को महत्वपूर्ण सैन्य और कूटनीतिक समर्थन प्रदान किया है, साथ ही अमेरिका के सहयोगी अरब देशों के भी इसमें कूदने का खतरा है, जिनके यहां अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। सीरिया, इराक और यमन में ईरान के सहयोगी आतंकवादी समूह पहले ही इजराइल पर लंबी दूरी के हमलों में शामिल हो चुके हैं।



# मुंबई में एक इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई में रविवार सुबह दो मंजिला दुकान-सह-आवासीय इमारत में आग लगने से तीन नाबालिग सहित सात लोगों की मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर चेंबूर इलाके की सिद्धार्थ कॉलोनी में हुई।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाद में घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटना की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

एक अधिकारी ने बताया कि इमारत के भूतल का इस्तेमाल दुकान के रूप में और ऊपरी मंजिल का इस्तेमाल आवास के रूप में किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि आग भूतल पर स्थित एक दुकान में बिजली के तारों और अन्य उपकरणों में लगी और बाद में इसने ऊपरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया।

अधिकारी ने बताया कि इस घटना में सात लोग झुलस गए। उन्हें राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

अधिकारी ने बताया कि दमकल गाड़ियों, पानी के टैंकर आदि को घटनास्थल पर भेजा गया और सुबह 9.15 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

मृतकों की पहचान पारिस गुप्ता (सात), मंजू प्रेम गुप्ता (30), अनीता गुप्ता (39), प्रेम गुप्ता (30), नरेंद्र गुप्ता (10), विधि छेदीराम गुप्ता (15) और गीतादेवी धर्मदेव गुप्ता (60) के तौर पर हुई है।

मुख्यमंत्री शिंदे ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने घटना की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि घायल व्यक्तियों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि झुग्गी पुनर्वास कार्य में कोई बाधा आई है तो उस पर गौर किया जाएगा। शिंदे के साथ केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भी मौजूद थे।

## अमेरिका के अगले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भूमिका निभाने पर एलएंडटी की नजर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतरिक्ष मिशन को पांच दशक से अधिक समय तक सहयोग प्रदान करने के बाद, भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग कंपनी लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) ने अब अंतरराष्ट्रीय बाजार, विशेष रूप से अगले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपनी नजरें टिका दी हैं।

एलएंडटी पहले जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन के साथ कक्षीय प्रक्षेपण क्षमता और अंतरिक्ष में रहने से जुड़ी सामग्री की आपूर्ति के लिए बातचीत कर रही थी, लेकिन उसमें कुछ समस्या आ गई। एलएंडटी प्रिसिजन इंजीनियरिंग एंड सिस्टम्स के उपाध्यक्ष विकास खिता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अब यह बातचीत नासा के साथ की जा रही है। इसलिए, हमें उम्मीद है कि जब अमेरिका को अपने अगले अंतरिक्ष स्टेशन की आवश्यकता होगी, तो भारतीय कंपनियां आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका निभाएंगी।''

जियोस्पेशियल वर्ल्ड द्वारा आयोजित उद्योग सम्मेलन के अवसर पर खिता ने कहा कि कंपनी स्पेस पोर्ट, स्पेस पार्क और विनिर्माण क्लस्टर के निर्माण में भी रुचि रखती है।

उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों को 2020 में सरकार द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने के बाद बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## सीबीआई, पुलिस वीडियो कॉल के जरिए लोगों को गिरफ्तार नहीं करती: भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने देश में 'डिजिटल अरेस्ट' अपराध के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जारी एक परामर्श में कहा है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), पुलिस, सीमा शुल्क विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या न्यायाधीश वीडियो कॉल के जरिए लोगों को गिरफ्तार नहीं करते हैं। संघीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने इसे ''स्कैम'' करार देते हुए लोगों को इंटरनेट का इस्तेमाल करके किए जाने वाले ऐसे अपराधों के जाल में फंसने के प्रति चेताया है। शनिवार को जारी सार्वजनिक परामर्श में कहा गया है, ''घबराइए नहीं, सतर्क रहिए। सीबीआई, पुलिस, सीमा शुल्क विभाग, ईडी, न्यायाधीश आपको वीडियो कॉल पर गिरफ्तार नहीं करेंगे।'' परामर्श में व्हाट्सएप और स्काइप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लोगो का इस्तेमाल करके यह दर्शाया गया है कि इस तरह के धोखाधड़ी के मामलों के लिए कॉल ऐसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके किए जाते हैं। इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने पूर्व में कहा है कि वे ऐसे अपराधों के खिलाफ उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं।

## ओला संस्थापक भाविश अग्रवाल, कुणाल कामरा के बीच सेवा गुणवत्ता के मुद्दे पर बहस



**नई दिल्ली/भाषा।** ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल और 'स्टैंड अप कॉमेडियन' कुणाल कामरा के बीच रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री के बाद सेवा की गुणवत्ता को लेकर तीखी बहस हुई। दरअसल, अग्रवाल ने ओला गीगाफैक्ट्री की एक तस्वीर पोस्ट की, जिस पर कामरा ने कई ओला इलेक्ट्रिक स्कूटरों की तस्वीर डाली, जो कथित तौर पर मरम्मत के लिए एक साथ खड़े थे। कामरा ने तस्वीर के साथ लिखा, ''क्या भारतीय उपभोक्ताओं की आवाज है? क्या उन्हें यही मिलना चाहिए? दोपहिया वाहन कई दिहाड़ी मजदूरों की जीवनरेखा हैं।'' उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को टैग करते हुए पूछा, ''क्या इसी तरह भारतीय ईवी का उपयोग करेंगे?''कामरा ने यह भी कहा कि जिन्हें ओला इलेक्ट्रिक से कोई समस्या है, वह अपनी आपबीती नीचे सभी को टैग करते हुए लिख दें। इस पर अग्रवाल ने जवाब दिया, ''चूंकि आप इतनी परवाह करते हैं, इसलिए आइए और हमारी मदद कीजिए! मैं आपके इस 'पेड ट्वीट' या आपके असफल करियर से भी ज्यादा पैसे दूंगा। या फिर चुप रहिए और हमें असली ग्राहकों की समस्याओं को ठीक करने पर ध्यान देने दीजिए।''

## एक बार फिर रेपो दर को यथावत रख सकता है रिजर्व बैंक : विशेषज्ञ

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इस सप्ताह होने वाली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है, तथा पश्चिम एशिया संकट के और बिगड़ने की संभावना है, जिसका असर कच्चे तेल और जिंस कीमतों पर पड़ेगा। इस महीने की शुरुआत में सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की दर-निर्धारण समिति - मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का पुनर्गठन किया। इसमें तीन नए नियुक्त बाहरी सदस्यों के साथ पुनर्गठित समिति सोमवार को अपनी पहली बैठक शुरू करेगी। एमपीसी के चेयरमैन आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास बुधवार (नौ अक्टूबर) को तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा करेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से रेपो दर को 6.5% पर यथावत रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि दिसंबर में ही इसमें कुछ ढील की गुंजाइश है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4% (2% ऊपर या नीचे) पर बनी रहे।

## पेटीएम उपभोक्ता भुगतान कारोबार पर ध्यान केंद्रित कर रहा : सीईओ



**कोलकाता/भाषा।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेटीएम की तत्काल प्राथमिकता अपने उपभोक्ता भुगतान कारोबार में निवेश करना है, ताकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाइयों के बाद खोए उपयोगकर्ता आधार को वापस पाया जा सके। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट्स और वॉलेट्स सहित ग्राहक खातों में जमा स्वीकार करने या क्रेडिट लेनदेन की सुविधा देने से प्रतिबंधित कर दिया था। अगस्त में, पेटीएम ने अपने टिकटिंग व्यवसाय को खाद्य प्रौद्योगिकी कंपनी ज़ोमैटो को 2,048 करोड़ रुपए में बेच दिया ताकि वह अपने मुख्य परिचालन - भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण पर ध्यान केंद्रित कर सके। पेटीएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की युवा इकाई यंग इंडियंस के कलकत्ता चैप्टर द्वारा आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कहा, भुगतान हमारा प्राथमिक व्यवसाय बना हुआ है, और व्यापारी पक्ष मजबूत बना हुआ है। हालांकि, विनियामक बाधाओं के कारण हमने एक महत्वपूर्ण उपभोक्ता आधार खो दिया है।

## उत्तराखंड में साइबर हमला, मुख्यमंत्री के सभी ऑनलाइन सेवाओं को बहाल करने के निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल में 'स्टेट डेटा सेंटर' में मेलवेयर आने एवं उसके कारण कई सरकारी विभागों में काम प्रभावित होने पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सोमवार तक सभी महत्वपूर्ण वेबसाइट और ऑनलाइन सेवाओं को बहाल करने को कहा।

मेलवेयर हमले के बाद मुख्यमंत्री ने स्थिति का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की और अधिकारियों से 'स्टेट डाटा सेंटर' की 'स्कैनिंग' जल्द से जल्द पूरा कर जनहित से जुड़े विभागों की वेबसाइट को प्राथमिकता से शुरू करने के निर्देश दिए। मेलवेयर एक तरह का वायरस होता है जिसे डेटा चुराने के लिए कंप्यूटर आदि में डाला जाता है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित किया जाए कि सोमवार तक सभी वेबसाइट का संचालन शुरू हो जाए। बैठक के दौरान, प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी सचिव नितेश झा ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी के डाटा सेंटर में वर्चुअल मशीनों पर मेलवेयर के कारण किसी भी प्रकार की डेटा हानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि 1378 में से 11 मशीनों पर मेलवेयर का प्रभाव पड़ा था। उन्होंने कहा कि बीते दो दिनों में डेटा सेंटर की कई बार 'स्कैनिंग' कर ली गई है। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस एवं सीएम हेल्पलाइन सहित कई अन्य वेबसाइट शुरू हो गयी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित सुरक्षा के लिए राज्य में शीघ्र 'साइबर सिक्योरिटी टास्क फोर्स' का गठन किया जाएगा।



## उत्तराखंड में चौखंबा में फंसीं दो महिला विदेशी पर्वतारोहियों को सुरक्षित निकाला गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोपेश्वर/भाषा।** उत्तराखंड के चमोली जिले में छह हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर चौखंबा में पिछले तीन दिन से फंसीं दो महिला विदेशी पर्वतारोहियों को रविवार सुबह सुरक्षित निकाल लिया गया।

चमोली के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने यहां बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन की दो पर्वतारोहियों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में ही मौजूद एक फ्रांसीसी पर्वतारोही दल की मदद ली गयी जिसके बाद सुबह उन्हें भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित निकाल कर ज्योतिर्मठ (जोशीमठ) लाया गया।

जोशी ने बताया कि अमेरिका की मिशेल टेरेसा ड्वोराक और ब्रिटेन की फाव जेन मैनर्स थकी हुई हैं लेकिन स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि आगे की कार्यवाही के लिए विदेश मंत्रालय से संपर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि ये पर्वतारोही 6,995 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चौखंबा-तीन पर्वत चोटी के आरोहण के दौरान फंस गयी थीं।

इस विदेशी पर्वतारोहण अभियान को भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (आईएमएफ) ने भेजा था और उसने ही तीन अक्टूबर की शाम को छह बजे स्थानीय प्रशासन को पर्वतारोहियों के लापता होने की सूचना दी थी। कुल 6,995 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चौखंबा-तीन पर्वत चोटी के आरोहण के लिए जाते समय बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजे चौखंबा में 6,015 मीटर की ऊंचाई से इन पर्वतारोहियों के लॉजिस्टिक सामान तथा तकनीकी उपकरण नीचे गिर गए और इस कारण वे वहीं फंस गई थीं। इस संबंध में सूचना मिलते ही चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी द्वारा रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) को हेलीकॉप्टर के जरिए पर्वतारोहियों की तलाश के लिए अभियान शुरू करने का अनुरोध भेजा गया। जोशी ने बताया कि इसके बाद शुक्रवार को भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों से उनका तलाशी अभियान शुरू किया गया लेकिन वे उन्हें ढूंढने में विफल रहे। इसके बाद, शनिवार से एसडीआरएफ के जमीनी दलों को भी अभियान में लगाया गया था। इस बीच, प्रदेश के राज्य आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने सेना, भारतीय वायु सेना, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, चमोली के जिलाधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित संस्थानों के साथ बैठक कर सभी के समन्वय से विदेशी पर्वतारोहियों की तलाश के लिए ठोस रणनीति बनायी। जोशी ने बताया कि इसी के तहत चौखंबा पर्वत पर आरोहण के लिए गए एक फ्रांसीसी दल से संपर्क किया गया। फ्रांसीसी दल ने फंसी हुई दोनों पर्वतारोहियों को ढूंढ लिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद, एसडीआरएफ, वायुसेना और उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के संयुक्त दल को ज्योतिर्मठ में सेना के हेलीपैड से मौके के लिए रवाना किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लगातार इस पूरे अभियान की निगरानी कर रहा था।



## केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सिकंदराबाद-वास्को द गामा एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर सिकंदराबाद-वास्को द गामा एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद से गोवा के लिए एक विशेष ट्रेन की लंबे समय से लंबित मांग की ओर इशारा करते हुए कहा कि सिकंदराबाद से वास्को दा गामा के लिए एक्सप्रेस ट्रेन अब सप्ताह में दो बार चलेगी।

तेलंगाना में रेलवे विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए रेड्डी ने कहा कि सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का विश्व स्तरीय मानकों के साथ 700 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है और यह कार्य 2025 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद स्टेशन, बेंगलूरु, तिरुपति, विशाखापत्तनम और नागपुर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं का सबसे अधिक परिचालन करने में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाद दूसरे स्थान पर है।

## भारत में रोगाणुरोधी प्रतिरोध के मामलों में हो रही निरंतर वृद्धि: आईसीएमआर अध्ययन

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक अध्ययन में पाया गया है कि रक्तप्रवाह संक्रमण (बीएसआई) पैदा करने के लिए जिम्मेदार दो प्रमुख रोगाणु आईसीयू के मरीजों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी पाए गए हैं।

अस्पताल में होने वाला यह सबसे आम संक्रमण है। अध्ययन में कहा गया है कि ये दो रोगाणु क्लेबसिएला निमोनिया और एसिनेटोबैक्टर बाउमानी हैं। दो अन्य रोगाणु स्टैफिलोकोकस ऑरियस और एंटरोकोकस फेसियम जो बीएसआई का कारण बनते हैं, क्रमशः एंटीबायोटिक्स ऑक्सासिलिन और वैनकोमाइसिन के प्रति प्रतिरोधी पाए गए।

आम तौर पर ये एंटीबायोटिक बीएसआई से पीड़ित नहीं होने वाले रोगियों पर काम करते हैं। आईसीएमआर की वार्षिक रिपोर्ट 2023 के अनुसार, बैक्टीरिया एसिनेटोबैक्टर एसपीपी वेंटिलेटर से जुड़े निमोनिया के लिए जिम्मेदार सबसे आम रोगजनक है। यह रिपोर्ट भारत में 39 अस्पतालों के नेटवर्क से जनवरी से दिसंबर 2023 तक सामने आए रक्तप्रवाह संक्रमण, मूत्र पथ के संक्रमण (यूटीआई) और वेंटिलेटर से जुड़े निमोनिया का व्यापक विवरण प्रदान करता है।

## इंडिगो का परिचालन रविवार को सामान्य हुआ

**नई दिल्ली/भाषा।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो का परिचालन रविवार को सामान्य हो गया। एक दिन पहले शनिवार को एयरलाइन में प्रणालीगत गड़बड़ी के कारण हवाई अड्डों पर यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा था। एयरलाइन प्रतिदिन 2,000 से अधिक उड़ानों का परिचालन करती है। एयरलाइन के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि अब परिचालन सामान्य है।

शनिवार को कई घंटों तक व्यवधान चला और देर रात तक परिचालन सामान्य हो सका।

इंडिगो ने शनिवार रात 11.11 बजे सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, हमारी प्रणालियां सामान्य हो गई हैं और सुचारू रूप से चल रही हैं।




## मोदी राजग-शासित राज्यों में निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराते हैं तो भाजपा के लिए प्रचार करूंगा: केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)-शासित राज्यों में नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराने की रविवार को चुनौती दी और वादा किया कि अगर प्रधानमंत्री इस मांग को पूरा करते हैं तो वह (केजरीवाल) भाजपा के लिए प्रचार करेंगे।

केजरीवाल ने भाजपा को नवंबर में झारखंड तथा महाराष्ट्र में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली विधानसभा चुनाव कराने की चुनौती दी और कहा कि 'आप' इसके लिए तैयार है। उन्होंने 'जनता की अदालत' में एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'डबल इंजन' की राज्य सरकारों के नाकाम रहने का आरोप लगाया और हरियाणा तथा जम्मू-कश्मीर से उनके सत्ता से बाहर होने का अनुमान जताया। उन्होंने कहा, ''डबल इंजन सरकारों का मतलब महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगार है।'' उन्होंने कहा, ''चुनाव-पूर्व सर्वेक्षण दिखाते हैं कि भाजपा की डबल इंजन सरकार हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में जल्द ही गिर जाएगी।'' केजरीवाल ने अपने भाषण के दौरान छह 'रेवड़ियों'' का एक पैकेट ले रखा था और उन्होंने कहा कि प्रत्येक ''रेवड़ी'' उनकी सरकार द्वारा उपलब्ध करायी छह सेवाओं - निशुल्क बिजली, पानी, महिलाओं के लिए बस यात्रा, बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा को दर्शाती है। उन्होंने घोषणा की कि ऐसे ही पैकेट जनता को बांटे जाएंगे और उन्होंने इसे ''प्रसाद'' के तौर पर लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, ''जब आप घर जाएं तो इसके साथ 'पूजा' करें और इसे दूसरों के साथ बांटें।''

## निजी कंपनियों के लिए छोटे परमाणु संयंत्र संचालित करेगा एनपीसीआईएल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

निजी कंपनियों के लिए छोटे परमाणु संयंत्र संचालित करेगा एनपीसीआईएल

मुंबई/भाषा। भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम (एनपीसीआईएल) पहली बार निजी कंपनियों के लिए 220 मेगावाट क्षमता के छोटे परमाणु संयंत्रों का संचालन करेगा और निजी कंपनियां परियोजना के लिए वित्तपोषण और भूमि, दोनों उपलब्ध कराएंगी। यह जानकारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने दी। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इस मोर्चे पर विकास इस साल के अंत तक या 2025 की शुरुआत में होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा, ''परमाणु संयंत्र के लिए धन और भूमि निजी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन संयंत्र का प्रबंधन एनपीसीआईएल द्वारा किया जाएगा।''

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आने वाला सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम एनपीसीआईएल द्वारा संयंत्र का प्रबंधन और संचालन करने के चलते परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन की जरूरत नहीं पड़ेगी। अधिकारी ने बताया कि परमाणु ऊर्जा अधिनियम के तहत परमाणु ऊर्जा क्षेत्र केवल सरकारी पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम) के लिए खुला है। अधिकारी ने बताया कि 220 मेगावाट के इन रिएक्टर को 'भारत लघु रिएक्टर' के नाम से जाना जाएगा, जिसके लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में पहले से ही शोध कार्य जारी है। अधिकारी ने बताया कि छोटे रिएक्टर के निर्माण के लिए 'प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर' (पीएचडब्ल्यूआर) तकनीक का इस्तेमाल किए जाने की संभावना है।

अधिकारी ने बताया कि छोटे रिएक्टर के साथ, निषेध क्षेत्र को कम करके 500 मीटर तक किया जा सकता है। वर्तमान में निषेध क्षेत्र एक से 1.5 किलोमीटर तक है। शुरुआत में ध्यान स्टील जैसे उद्योगों पर होगा। अधिकारी ने बताया कि कई निजी क्षेत्रों के पास अपने स्वयं के 'कैप्टिव प्लांट' हैं और भविष्य में छोटे रिएक्टर उनकी जगह ले सकते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
FLATS FOR SALE
PURVA BLUBELLE
Adjacent to **Magadi road Metro station**
Rajajinagar Centre of the City
3 bedroom & Exclusive 5 bedroom Flats + servant room with all luxurious Amenities,
Contact : 9844027560

# नैतिकता, सकारात्मक सोच स्वस्थ समाज की नींव है : राज्यपाल गहलोत


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/जयपुर। स्वच्छ और स्वस्थ समाज की नींव तभी मजबूत हो सकती है जब प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर की पवित्रता को पहचाने और अपने जीवन में नैतिकता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को स्थान दे। यह बात कर्नाटक के राज्यपाल थावरचन्द गहलोत ने ब्रह्माकुमारीज़ ने राजस्थान में स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता विषय पर आयोजित ग्लोबल समिट-2024 में कही।

उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ महिलाओं द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन है। यह संस्था दिव्य ज्ञान, राजयोग ध्यान, मानवीय मूल्यों के विकास, महिला एवं युवा सशक्तिकरण, आत्म-प्रबंधन के विकास के माध्यम से भारत और पूरे विश्व में मानव जीवन को तनाव मुक्त, बुराई मुक्त बना रही है। इस वजह से, प्रजापिता ने ब्रह्माकुमारीज़ की दुनिया के अन्य सभी आध्यात्मिक और धार्मिक संगठनों के बीच अपना अलग अस्तित्व होने के रूप में प्रशंसा की। जब कोई व्यक्ति आध्यात्मिक दृष्टिकोण अपनाता है, तो उसे न केवल अपने भीतर शांति मिलती है, बल्कि समाज में शांति, सद्भावना और स्वच्छता का माहौल बनाए रखने में भी योगदान मिलता है। शास्त्रों में कहा गया है कि जीवन में सच्चा सुख और शांति शुद्ध मन और पवित्र शरीर से ही प्राप्त की जा सकती है। आज की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में लोग मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान अध्यात्म में है।

उन्होंने कहा कि ध्यान, योग, प्राणायाम और सकारात्मक सोच जैसे आध्यात्मिक अभ्यास मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक होगा तो समाज में एक नई चेतना पैदा हो सकती है। मनुष्य और सभी जीवित प्राणियों का जीवन प्रकृति के पांच तत्वों - जल, पृथ्वी, वायु, भोजन और अग्नि पर निर्भर करता है। हमारे जीवन का अस्तित्व पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन परंपरा में प्रकृति, वृक्ष, जीव-जंतु और विभिन्न देवी-देवताओं के रूप में विभिन्न तत्वों को कल्याणकारी मानकर उनकी पूजा करने की परंपरा है। वर्तमान समय में पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, स्वच्छ ऑक्सीजन और स्वच्छ पेयजल की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन मानव जीवन और सभी जीवित चीजों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। आज दुनिया भर में पिघलती ध्रुवीय बर्फ, समुद्र के बढ़ते स्तर, सूखा, बाढ़ और असामान्य मौसम की घटनाएं देखी जा रही हैं। संयुक्त राष्ट्र ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैश्विक मंच पर सबसे बड़ा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि इसमें भारत का योगदान भी अहम है।



बेंगलूरु में रविवार को उग्रप्पा की जीवनी पर आधारित पुस्तक 'समर्थ जननायक : उग्रप्पा' का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या।

# वीएस उग्ररप्पा ने कभी परिस्थितियों से समझौता नहीं किया : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वीएस उग्ररप्पा समक्ष और लोगों के नेता हैं। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कहा कि वीएस उगरप्पा अनेकों बेजुबानों की आवाज हैं। रविवार को आयोजित एक समारोह में पूर्व सांसद वीएस उग्रप्पा का जीवन और संघर्ष पर 'समर्थ जननायक : उग्रप्पा' पर आधारित पुस्तक का मुख्यमंत्री ने विमोचन करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि उगरप्पा सक्षम और लोगों के नेता हैं। उगरप्पा ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया जब उन्हें छात्र जीवन के दौरान लोकप्रिय संघर्ष में भाग लेने के लिए जेल जाना पड़ा था। उगरप्पा बहुत सख्त हैं। सार्वजनिक जीवन में मूल्यों से कोई समझौता उन्होंने नहीं किया। यद्यपि राजनीतिक संघर्ष में उग्र थे, उन्होंने मजाक में कहा कि वह घर पर सौम्य हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान से परे सोचने वालों को नहीं, एक वकील के रूप में, उन्होंने कई वर्षों तक संविधान पढ़ाया और अब संविधान उनकी जुबान पर है। उन्होंने इस बात की सराहना की कि चरमपंथी गलती ढूंढने में लगातार लगे रहते हैं। वह हमेशा बेजुबानों के लिए काम करते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उनका हर शब्द और भाषण वंचितों के पक्ष में है। कानूनों को अच्छी तरह से जानने वाले उगरप्पा के अनुभव और ज्ञान से पार्टी संगठन को काफी मदद मिली है। उगरप्पा राजनीति के कुछ चरणों में उनकी मदद करने में सक्षम रहे हैं। जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव में उगरप्पा ने अपनी विचारधारा और मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया। उगरप्पा को ऊंचा दर्जा मिलना चाहिए था। मुझे दुख भी है कि यह उन्हें नहीं मिला। उन्होंने वादा किया कि वह भविष्य में अवसर प्रदान करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे बेल्लारी पदयात्रा करने से पहले ही उगरप्पा ने खनन घोटाले और रेड्डी ब्रदर्स मुद्दे पर एक तथ्यान्वेषी रिपोर्ट दी थी। इस रिपोर्ट ने मुझे बेल्लारी पदयात्रा पर जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पदयात्रा की सफलता में उगरप्पा की भूमिका भी अहम रही। उगरप्पा और मैं सामाजिक न्याय के मुद्दे पर बिल्कुल भी समझौता नहीं करते हैं। इस वजह से कुछ लोग मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने उसी अवसर पर चेतावनी भी भेजी कि वे देख सकते हैं कि उनके प्रयास कैसे सफल नहीं हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा उगरप्पा और पीजीआर सिंधिया दोनों आरएसएस में थे। उन्होंने कहा कि वे दोनों नफरत, भेदभाव और जातिवाद की सच्चाई को जानकर आरएसएस से निकले और सामाजिक न्याय के पक्ष में खड़े हुए।

पुस्तक विमोचन समारोह में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, सेवानिवृत्त न्यायाधीश नागमोहन दास, साहित्य बारागुरु रामचंद्रप्पा, पूर्व मंत्री एचएम रेवन्ना, गारंटी कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री पीजीआर सिंधिया, विधान परिषद के सदस्य प्रकाश राठौड़, आत्मानंद स्वामीजी, रामलिंगेश्वर स्वामीजी जैसे समाज गुरु और कई महत्वपूर्ण गणमान्य उपस्थित थे।

# कुमारस्वामी ने एमयूडीए मामले में विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए सिद्दरामय्या पर किया पलटवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (एस) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या द्वारा एमयूडीए मामले में विपक्षी दलों पर उनकी पत्नी को घसीटने का आरोप लगाने के लिए पलटवार किया और इस परेशानी के लिए सिद्दरामय्या की 'गलतियां' को जिम्मेदार ठहराया। केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने सिद्दरामय्या को कांग्रेस नीत सरकार की अब तक की उपलब्धियों और विकासात्मक गतिविधियों पर बहस के लिए चुनौती भी दी।

कुमारस्वामी ने कहा, आप (सिद्दरामय्या) बार-बार कहते हैं कि विपक्ष ईर्ष्यालु है और आप विपक्ष पर अपनी पत्नी को (एमयूडीए मामले में) घसीटने का आरोप लगा रहे हैं। आप अपनी पत्नी को (इस मामले में) बाहर ले आये, जो सम्मानपूर्वक घर पर थीं। यह विपक्ष ने नहीं किया है। आप उन्हें इसलिए बाहर लाए क्योंकि आपने (उनके नाम पर) गलत काम किए हैं। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'आप (सिद्दरामय्या) बार-बार अहिंदा के बारे में बोलते हैं, आपने अहिंदा (अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों और दलितों के लिए कन्नड़ में संक्षिप्त नाम) के लिए क्या किया है? क्या हमने नहीं देखा कि वाल्मीकि निगम (घोटाला) में क्या हुआ है, कितनी लूट हुई।' मुख्यमंत्री द्वारा लोगों से की गई भावनात्मक अपील की ओर इशारा करते हुए कि क्या वे एमयूडीए घोटाले को लेकर उनकी पत्नी पर निशाना साधने के लिए विपक्ष को माफ कर देंगे, कुमारस्वामी ने कहा, 'लोग हमें माफ करेंगे या स्वीकार करेंगे, यह वे बाद में तय करेंगे।'



सिद्दरामय्या ने उनकी पत्नी पार्वती बी एम को एमयूडीए मामले में घसीटने के लिए शनिवार को विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जद (एस) की कड़ी आलोचना की थी। सिद्दरामय्या ने विपक्ष पर उन्हें निशाना बनाने का भी आरोप लगाया क्योंकि वे मुख्यमंत्री पद पर पिछड़े समुदाय के व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं कर सकते। सिद्दरामय्या मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं के लिए लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे हैं।

कांग्रेस नीत सरकार पर घोटालों में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कुमारस्वामी ने कहा, 'मुख्यमंत्री समेत किसी भी मंत्री को लोगों की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है... वे विकास की बात करते हैं, केवल भगवान ही हमें बचाए।' कुमारस्वामी ने सिद्दरामय्या को उनके नेतृत्व वाली मौजूदा कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों तथा 2018-19 में उनकी (कुमारस्वामी) 14 महीने की जद(एस)-कांग्रेस गठबंधन सरकार के प्रदर्शन पर चर्चा की चुनौती दी।

# मुडा कांड से बचने के लिए सिद्दरामय्या जाति जनगणना को सामने लाए : विजयेंद्र येडीयुरप्पा

मैसूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के पिछले कार्यकाल में जाति जनगणना लागू करना क्यों संभव नहीं हो सका? ये मैं नहीं कह रहा हूं, ये बात कांग्रेस पार्टी के नेता कह रहे हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा कि मुडा एस्टेट घोटाले में इस्तीफा देने को मजबूर हुए सिद्दरामय्या ने इससे बचने के लिए जाति का मुद्दा सामने लाया है।



रविवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सिद्दरामय्या ईमानदार हैं तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। सिद्दरामय्या को गिराने की साजिश कांग्रेस में ही चल रही है। डीके शिवकुमार ने कहा कि मंत्री बालकृष्ण ने कहा है कि मैसूर मुडा घोटाले में मुख्यमंत्री के इस्तीफे का समय नजदीक है। साथ ही मंत्री सतीश जारकीहोली ने नई दिल्ली जाकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की है। विजयेंद्र ने जवाब दिया कि उन्हें बताना चाहिए कि वहां क्या संदेश दिया गया।





# बेंगलूरु में भारी बारिश से जलभराव और पेड़ गिरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में शनिवार रात भारी बारिश के बाद शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव हुआ और कई पेड़ गिर गए। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) की टीम जलमग्न स्थानों से पानी निकालने और गिरे हुए पेड़ों को हटाने के काम में लगी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के सूत्रों के अनुसार शनिवार को शहर में 10.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।

राज्य की राजधानी के दक्षिण और पूर्वी क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं और कुछ स्थानों में कुछ सड़कें भी जलमग्न हो गईं।

यलहंका में केंद्रीय विहार अपार्टमेंट के बेसमेंट में पानी भर गया, जिससे कार समेत कई वाहन आंशिक रूप से जलमग्न हो गए। वहीं बिन्नीपेट में एक परिसर की दीवार ढह गई जिससे दीवार के पास खड़ी कुछ मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कल्याण नगर, इलेक्ट्रॉनिक सिटी के पास, बेंगलूरु-मैसूरु मार्ग सहित अन्य स्थानों पर कुछ सड़कें जलमग्न हो गईं जिससे यातायात प्रभावित रहा।

# जाति जनगणना की रिपोर्ट को चर्चा के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा : जी. परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि सरकार ने बहुप्रतीक्षित सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का फैसला किया है, जिसे ''जाति जनगणना'' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में इस पर चर्चा की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा कि इसे विधानमंडल में पेश किया जाए या सीधे सार्वजनिक किया जाए।



कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपने तत्कालीन अध्यक्ष के. जयप्रकाश हेगड़े के नेतृत्व में 29 फरवरी को मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को रिपोर्ट सौंपी थी। यह रिपोर्ट समाज के कुछ वर्गों की आपत्तियों के बीच प्रस्तुत की गई। माना जाता है कि सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर भी इस रिपोर्ट को लेकर अलग-अलग राय हैं। कर्नाटक के दो प्रमुख समुदायों - वोक्कालिगा और लिंगायत - ने सर्वेक्षण पर आपत्ति जताते हुए इसे ''अवैज्ञानिक'' बताया है, तथा मांग की है कि इसे खारिज किया जाए और नया सर्वेक्षण कराया जाए। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा, इस (सर्वेक्षण रिपोर्ट) पर मंत्रिमंडल में चर्चा करने का निर्णय लिया गया है....(रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष रखने में) देरी के कुछ कारण हैं, अब इसे मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा, इस पर मंत्रिमंडल में चर्चा होने दीजिए और उसके बाद तय किया जाएगा कि इसे विधानसभा में पेश किया जाए या नहीं, या इसे ऐसे ही जारी किया जाए। अगर इसे विधानसभा में पेश करने की जरूरत पड़ी तो इसे अगले सत्र में लाया जाए या बाद में, इन सब बातों पर भी फैसला किया जाएगा। परमेश्वर ने कहा कि यदि मंत्रिमंडल यह निर्णय लेता है कि जाति जनगणना रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह एक आयोग की रिपोर्ट है, तो इसे उसी रूप में जारी किया जा सकता है।

इस बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के. हरिप्रसाद ने कहा कि जाति जनगणना रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए और आज ही लागू किया जाना चाहिए।

# मंगलूरु में कारोबारी लापता, पुल पर क्षतिग्रस्त कार मिली

मंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व विधायक मोहिउद्दीन बावा के भाई मुमताज अली रविवार सुबह से लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अली की कार क्षतिग्रस्त हालत में कुलुर ब्रिज पर लावारिस हालत में मिली। इससे पहले अली ने अपनी बेटी को एक व्हाट्सएप संदेश भेजा था, जिसमें उन्होंने कहा था, ''मैं वापस नहीं आऊंगा।'' अली क्षेत्र के प्रमुख कारोबारी और मिस्बाह ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष हैं। उनके लापता होने के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें मोहिउद्दीन बावा सहित परिवार के सदस्य भी घटनास्थल पर मौजूद थे।

मंगलूरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने मामले की औपचारिक जांच शुरू होने की पुष्टि की। प्रारंभिक जांच के अनुसार, कारोबारी रविवार तड़के करीब तीन बजे अपने घर से अपने वाहन से निकले और शहर में घूमने के बाद सुबह करीब पांच बजे कुल्लूर ब्रिज के पास अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। अली के अंतिम व्हाट्सअप संदेश से चिंतित उनकी बेटी ने तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। उनकी तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है।




### पेट शो

रविवार को मैसूर के जेके ग्राउंड में रैयत दशहरा के हिस्से के रूप में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा आयोजित दशहरा 'पेट शो' में अपने गोल्डन रिट्रीवर गोपी के साथ भाग लेती हुई लेखिका और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधा मूर्ति। बड़ी संख्या में अनेक नस्लों के पालतु जानवरों के साथ पशु प्रेमी उपस्थित हुए।




# चेन्नई में वायुसेना का शानदार हवाई प्रदर्शन, मरीना के आसमान में दिखा मनमोहक नजारा

चेन्नई/दक्षिण भारत। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के विमानों ने स्थानीय मरीना के आसमान में अपनी वायुशक्ति और युद्ध-कौशल का प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां उपस्थित जनसमुदाय को रोमांच से भर दिया। ये लोग रविवार को उमस के बावजूद हजारों की संख्या में यहां पहुंचे और राफेल सहित भारतीय वायुसेना के विभिन्न लड़ाकू विमानों का रणकौशल का भरपूर आनंद उठाया। लड़ाकू विमानों के रोमांचकारी प्रदर्शन का नजारा देखने के लिए दर्शक पूर्वाह्न 11 बजे से ही मरीना बीच पर एकत्र होने लगे थे, जिनमें से कई ने खुद को चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए अपने हाथों में छाते ले रखे थे। प्रदर्शन की शुरुआत भारतीय वायुसेना के विशेष गरुड़ बल के कमांडो के उस साहसिक कौशल के प्रदर्शन के साथ हुई, जिसमें उन्होंने बंधक को मुक्त कराने का एक मॉक अभियान प्रदर्शित किया।

लाइटहाउस और चेन्नई बंदरगाह के बीच मरीना पर आयोजित 92वें भारतीय वायुसेना दिवस समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, राज्य के विभिन्न मंत्री, चेन्नई की महापौर आर. प्रिया और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। साफ आसमान के कारण भारतीय वायुसेना के विमानों द्वारा किए गए लोमहर्षक हवाई शो का बेहतरीन नजारा देखने को मिला। रेतीले समुद्र तट पर एकत्र हुए लोगों ने दोपहर एक बजे शो के अंत में भारतीय वायुसेना के विमानों से हवाई फोटोग्राफी के लिए अपने छाते दिखाए।

हवाई प्रदर्शन में लगभग 72 विमानों ने भाग लिया, जिसे 'लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया जाएगा। सुपरसोनिक लड़ाकू विमान राफेल समेत करीब 50 लड़ाकू विमानों ने एक साथ मिलकर आसमान में विभिन्न रंगों की चमक बिखेरी। डकोटा और हार्वर्ड, तेजस, एसयू-30 और सारंग ने भी हवाई सलामी में हिस्सा लिया।







दक्षिण भारत राष्ट्रमत







# अहिंसा और क्षमा विश्वशांति की ओर ले जाने वाली अहम कड़ी : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक सभी जैन तीर्थंकरों ने सदैव अहिंसा और क्षमा का सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी धर्मों में अहिंसा एवं क्षमा को विशेष महत्व दिया गया है तथा जैन धर्म ने इसे नई पहचान प्रदान की। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में अहिंसा और क्षमा सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों तक विस्तृत है तथा यह सिद्धांत विश्वशांति की ओर ले जाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। जैन धर्म के पूज्य जनों का एक साथ आना राजस्थान की जनता के लिए एक सुन्दर सन्देश है।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जैन धर्म के सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन तीर्थंकरों ने दुनिया को सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांतों के माध्यम से मार्ग दिखाया, जिससे हमारी संस्कृति और विचार वर्तमान समय में भी पूरी दुनिया में प्रासंगिक हैं। साधु-मुनियों की वाणी ईश्वरीय रूप होती है, जिनके आशीर्वाद से भारत दुनिया में अपनी पहचान बनाए हुए है तथा 21वीं सदी में विकसित भारत के रूप में दुनिया की महाशक्ति बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 9 माह के अल्प समय में ही प्रदेश में विकास की गति को बढ़ाया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम विकसित राजस्थान की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं। शर्मा ने कहा कि जैन धर्म के आस्था स्थलों के विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रणकपुर जैन मन्दिर के सौन्दर्गीकरण एवं सुविधायें विकसित करने का तथा नसियां जी विराटनगर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने व्यवसायियों से राइजिंग राजस्थान समिट में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में आचार्य शशांक सागर महाराज ने कहा कि राजस्थान में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। यह सुन्दर क्षण है कि यहां दिगम्बर और श्वेताम्बर मुनि एक साथ क्षमावाणी समारोह मना रहे हैं और यही भगवान महावीर का एकता का संदेश है। आचार्य विश्वरत्न सागर महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास पर सामूहिक क्षमावाणी की यह पहल सराहनीय है। मुनि अर्चित सागर महाराज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शाकाहारी जीवन पद्धति का उल्लेख करते हुए सराहना की। साथ ही, मुनि पावन सागर महाराज, मुनि तत्वरूचि महाराज, मुनि सम्यक रत्न विजय महाराज, साध्वी श्रुत दर्शना जी ने भी आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जैन मुनियों को जैन शास्त्र भेंट किए।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, सांसद मदन राठौड, श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सर्राफ, जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर श्रीमती कुसुम यादव, उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


# हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा : मोहन भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। भारत को हिंदू राष्ट्र बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भाषाई, जातीय और क्षेत्रीय विवादों को मिटाकर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। भागवत ने शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में 'स्वयंसेवक एकत्रीकरण' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां प्राचीन काल से रह रहे हैं, भले ही हिंदू शब्द बाद में आया। हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से समरसता के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय विवादों को दूर कर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा, आचरण में अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक गुण हैं। एक समाज केवल व्यक्तियों और उनके परिवारों से नहीं बनता है, बल्कि उन व्यापक चिंताओं पर विचार करने से बनता है जिनके माध्यम से कोई आध्यात्मिक संतुष्टि प्राप्त कर सकता है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा, आरएसएस की कार्यप्रणाली यांत्रिक नहीं बल्कि विचारों पर आधारित है। यह एक अद्वितीय संगठन है जिसके मूल्य समूह के नेताओं से लेकर स्वयंसेवकों, उनके परिवारों और बड़े पैमाने पर समाज से मिलते हैं। स्वयंसेवकों से समुदायों के भीतर व्यापक संपर्क बनाए रखने का अनुरोध करते हुए भागवत ने कहा कि समाज को सशक्त बनाकर सामुदायिक कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

भागवत ने कहा, सामाजिक समरसता, न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। स्वयंसेवकों को हमेशा सक्रिय रहना चाहिए और परिवारों के भीतर सौहार्द, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशी मूल्यों और नागरिक चेतना को बढ़ावा देना चाहिए, जो किसी समाज के बुनियादी घटक हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक साख और प्रतिष्ठा का श्रेय इसकी ताकत को जाता है और इसके प्रवासियों की सुरक्षा तभी सुनिश्चित होती है जब उनका राष्ट्र मजबूत बने। कुल 3,827 आरएसएस स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश अग्रवाल, जगदीश सिंह राणा, रमेश चंद मेहता और वैद्य राधेश्याम गर्ग भी शामिल हुए।




# दौसा में डंपर हादसे में 5 की मौत, 10 लोग गंभीर घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


दौसा। लालसोट के बस स्टैंड पर रविवार को एक भीषण हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार डंपर ने कई बाइक सवारों को कुचल दिया। इस दर्दनाक दुर्घटना में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि डंपर के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ, जिससे वह बस से भिड़कर भीड़ में जा घुसा। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, दोनों वाहनों के नीचे दबे हुए करीब 15 लोगों को बचाने के लिए क्रेन की मदद ली गई। घायलों में 10 गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को लालसोट और दौसा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर सीताराम मीणा ने जानकारी दी कि 15 लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 4 की पहले ही मौत हो चुकी थी। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई। मृतकों में 14 साल की लक्ष्मी महावर और 33 साल के रेवड़ (गेंडालाल के पुत्र) की पहचान हुई है।

घायलों की सूची में बिरमा (45) पत्नी जगदीश, अर्चना (35), हाकिम सिंह (60), छाजुसिंह, गोलू (14) पुत्र लल्लू महावर, मानसिंह (14) पुत्र बजरंग, उर्मिला (40) पत्नी शंभूदयाल, पूजा (30), अजय (33) पुत्र जेनेंद्र, और कस्तूरी (34) पत्नी रामफूल शामिल हैं। इन्हें दौसा और अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया है।

दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी पप्पू बहरूपिया (52) ने बताया कि वह मूंगफली खरीद रहे थे जब अचानक बस उनके ऊपर चढ़ गई। बिरमा देवी ने भी बताया कि वह बस से उतरकर दूसरी तरफ जा रही थीं जब यह घटना घटी, जिसमें उनकी बेटी तो बच गई लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

स्थानीय पीसीसी मेंबर कमल मीणा ने इस हादसे के लिए पुलिस-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों की नो एंट्री के बावजूद बजरी से भरे डंपर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। तीन दिन पहले लालसोट के व्यापारी इसी समस्या को लेकर धरने पर बैठे थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी आवाज़ को अनसुना कर दिया।

इस दुर्घटना ने पूरे इलाके में सुरक्षा और अव्यवस्थाओं के प्रति चिंता बढ़ा दी है, और अब स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन सख्त कदम उठाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।





## जैसलमेर में लापता दो बच्चों के शव पानी के टैंक में पाए गए

जैसलमेर। राजस्थान में जैसलमेर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में लापता हुए दो बच्चों के शव उनके घर के पास खाली पड़े एक मकान के पानी के टैंक से मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। बच्चों के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि बबर मगरा इलाका निवासी आदिल (छह) और हसनेन (सात) के परिजनों ने शनिवार शाम दोनों बच्चों के गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान बच्चों के शव शनिवार रात एक खाली मकान के पानी के टैंक में मिले। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चों के शरीर पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने बताया कि परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अस्पताल में शवगृह के बाहर धरने पर बैठे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की कर प्रणाली को सरल व पारदर्शी बनाने के लिए उठाए गए कई कदम : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनका कार्य केवल संख्याओं को संभालना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वित्तीय प्रबंधन के विशेषज्ञ होते हैं और आज की तेजी से बदलती दुनिया में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। शर्मा जयपुर में अर्हम ध्यान योग, जीएसटी और आयकर पर आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में बड़ा बदलाव आया है। गरीब कल्याण की योजनाएं, आर्थिक विकास, जीएसटी सुधार जैसे कदमों से देश ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

सरल आयकर रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया, फेसलेस असेसमेंट जैसी पहलों ने करदाताओं के लिए कर भरना आसान बनाया है। शर्मा ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद कर आधार में सुधार हुआ है, और आज लगभग 1.3 करोड़ करदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि हमें जीएसटी के माध्यम से छोटे व्यवसायियों और उद्योगों को सशक्त बनाना है, ताकि वे न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें, बल्कि देश के विकास में भी योगदान दे सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने स्थानीय व्यवसायों को जीएसटी के अनुपालन में मदद की, जिसके परिणामस्वरूप उनके राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि आयकर न केवल सरकार के राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है, बल्कि यह हमारे देश के विकास और कल्याण योजनाओं को समर्थन देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## फर्जी तरीके से विधायक का स्टीकर लगी कार जब्त

अजमेर। राजस्थान में अजमेर की यातायात पुलिस ने फर्जी तरीके से विधायक स्टीकर लगी कार को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र के वैशालीनगर में काले रंग की स्कार्पियो कार वीआईपी सायरन बजाते हुए जा रही थी। यातायात पुलिस कांस्टेबल ने शक की बिना पर कार को रूकवाया तो पाया कि कार पर एम.एल.ए. का स्टीकर भी लगा है। कार चालक से एम.एल.ए. की जानकारी चाही तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और न ही परिचय पत्र दिखा पाया। ऐसे में यातायात पुलिस कार्यालय को सूचना दी गई, जिस पर स्कार्पियो कार को कोतवाली थाने के नजदीक यातायात पुलिस कार्यालय बुलवाया गया। अजमेर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के फर्जी वाहनों के विषय में सख्त निर्देश है । जिसकी पालना में यातायात पुलिस की ओर से स्कार्पियो को जब्त कर, बिना नाम पते का चालान बनाया गया , जिसे कल न्यायालय में पेश किया जायेगा। उन्होंने बताया कार चालक मायापुर, परबतसर, जिला नागौर निवासी 20 वर्षीय महसासिंह है। जो पुलिस के सवालों का संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया । न्यायालय से गाड़ी का जो भी आदेश मिलेगा, उस अनुसार अगली कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस बीच आरोपी के आपराधिक रेकॉर्ड की भी जानकारी जुटाई जायेगी।

## पूजा अर्चना



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को बांसवाड़ा के शक्तिपीठ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मां के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिर के पंडित निकुंज मोहन के सानिध्य में देवनानी ने मां त्रिपुरा सुंदरी की मंत्रोच्चार कर पूजा अर्चना की और चुनरी ओढाई एवं श्रीफल भेंट किया। उसके बाद देवनानी ने वहां पर तैयार श्रीयंत्र के भी दर्शन किए।

# 'राइजिंग राजस्थान' के सिंगापुर इन्वेस्टर मीट के लिए राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर के दौरे पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मेलन 2024 के तहत विदेशी निवेशकों, कॉरपोरेट जगत और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित करने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का प्रतिनिधिमंडल 08 अक्टूबर को सिंगापुर इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लेने और वहां के गणमान्य व्यक्तियों और व्यापार जगत के आला अधिकारियों से मिलने के लिए सिंगापुर के दौरे पर रवाना हुआ है।

अपनी चार दिवसीय यात्रा में, राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, सिंगापुर स्थित सार्वजनिक और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों और व्यापार एवं व्यवसाय से जुड़े अन्य स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात करेगा। इस दौरान यह प्रतिनिधिमंडल पेट्रोकेमिकल्स, शहरी विकास, जल प्रबंधन, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, कौशल विकास, बागवानी, स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों की कंपनियों से मिलेगा और उन्हें राजस्थान में निवेश करने के साथ-साथ आगामी इन्वेस्टमेंट समिट में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेगा। इसके अलावा, यह प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर स्थित प्रमुख कंपनियों की व्यावसायिक और विनिर्माण इकाइयों का भी दौरा करेगा ताकि उनके संचालन और बेस्ट प्रैक्टिसेज को समझा जा सके।

उद्योग मंत्री कर्नल राठौड़ के अलावा, राज्य सरकार के इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव सुगायत्री राठौड़ और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, अपने सिंगापुर प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय मूल के लोगों और अप्रवासी राजस्थानी समुदाय के लोगों, जिन्होंने वहां नाम और प्रसिद्धि अर्जित की है और देश एवं राजस्थान को गौरवान्वित किया है, से भी मिलेगा। इसके अलावा, राजस्थान सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में भी शामिल होगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर देशी और विदेशी निवेशकों, संस्थाओं और कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों से लगातार बैठकें कर रही हैं, ताकि आने वाले समय में प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो सके और 'विकसित राजस्थान' के लक्ष्य को पूरा करने की ओर बढ़ा जा सके।

इसके तहत पिछले एक महीने में दिल्ली, मुंबई, सियोल (दक्षिण कोरिया), जापान के टोक्यो और ओसाका, संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और अबू धाबी एवं कतर की राजधानी दोहा में इस तरह के इन्वेस्टर रोड शो आयोजित किये जा चुके हैं, ताकि निवेशकों को राजस्थान से जुड़ने, प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित करने और उन्हें राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी निवेशक-अनुकूल नीतियों और अवसरों से अवगत कराया जा सके। इस व्यापक आउटरीच के परिणामस्वरूप राजस्थान सरकार को अब तक 12.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव (एमओयू) प्राप्त हुए हैं, जो राज्य सरकार के प्रयासों में निवेशक और व्यापार समुदाय के जबरदस्त विश्वास को दर्शाता है।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है ।

# भरतपुर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत, व्यापारियों ने दिया ज्ञापन



भरतपुर/दक्षिण भारत। लोहागढ़ भरतपुर में ओम बिरला अध्यक्ष लोकसभा भारत सरकार का दूसरी वार आगमन पर भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सी. ए अतुल मित्तल के नेतृत्व में माला दुपट्टा पहना कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। जिला महामंत्री मुकेश सिंघल ने बताया कि इस मौके पर ओम बिरला को भरतपुर के व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया एवं निदान कराने हेतु ज्ञापन दिया गया। उन्हें एन.सी.आर व टी.टी.जेड का सही सीमांकन कर भरतपुर को एन.सी.आर से मुक्त एवं भरतपुर से अलवर एवं मथुरा- भरतपुर मार्ग को छक्-ख में हस्तांतरित किए जाने संबंधित एवं पेट्रोल डीजल की रेट पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के बराबर करने के लिए एवं विभिन्न मांगों का ज्ञापन दिया गया।

# महाकुंभ के दौरान नहीं होगी मांस-मदिरा की बिक्री : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले महाकुंभ के दौरान यहां मांस-मदिरा की बिक्री नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने 13 अखाड़ों, खाक चौक, दंडी बाड़ा और आचार्य बाड़ा के प्रतिनिधियों के साथ महाकुंभ को लेकर एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।






प्रदेश सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि साधु-संतों, संन्यासियों व वैरागियों सहित समस्त सनातन समाज की भावनाओं का सम्मान रखते हुए प्रयागराज की शास्त्रीय सीमा में मांस-मदिरा का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन साधु-संत समाज का भी सहयोग अपेक्षित है।

आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि महाकुंभ के दौरान ब्रह्मलीन होने वाले साधु-संतों की समाधि के लिए प्रयागराज में शीघ्र ही भूमि आरक्षित कर दी जाएगी।

बैठक में संत समाज की ओर से गो-हत्या पर प्रतिबंध की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में गोहत्या अपराध है। गोहत्या के विरुद्ध उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही, राज्य सरकार सात हजार से अधिक गोवंश आश्रय स्थल का संचालन कर रही है, जहां 14 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं।

महाकुंभ में सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी संतों-संन्यासियों व आचार्यों से अनुरोध किया कि अपने आश्रम में तब तक किसी को प्रवास की अनुमति न दें जब तक कि उनका विधिवत सत्यापन न कर लिया जाए। इससे पहले, परेड स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले मोटर बोट से संगम नोज पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा यमुना का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद आदित्यनाथ ने पवित्र अक्षयवट, पातालपुरी, सरस्वती कूप और लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया और कुंभ के सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की।

दोपहर बाद मुख्यमंत्री भारश्रे कोरिडोर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने आईईआरटी सेतु का निरीक्षण करते निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने वेणीमाधव मंदिर का भी दर्शन-पूजन किया।

## युवती के पेट से निकले दो किग्रा बाल : 'ट्राइकोफेजिया' बीमारी से पड़ती है बाल खाने की आदत

**लखनऊ/बरेली/भाषा।** उत्तर प्रदेश में बरेली के करगैना की रहने वाली 21 वर्षीय युवती एक मानसिक विकार से पीड़ित होने की वजह से पिछले करीब 16 सालों से अपने बाल खा रही थी जिस वजह से उसके पेट में करीब दो किलोग्राम बाल जमा हो गए थे और इन्हें पिछली 26 सितंबर को ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला गया।

बरेली के जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, वह 'ट्राइकोफेजिया' नामक मानसिक विकार से पीड़ित है जिसमें मरीज अपने बाल खाने लगता है। उन्होंने बताया कि पेट में जमा बालों की वजह से युवती के पेट की गुहा और उसकी आंत के कुछ हिस्से भी बंद हो गये थे। इस बीमारी का पता पिछली 20 सितंबर को तब लगा, जब लड़की के परिजन बरेली के जिला अस्पताल आए और सीटी स्कैन रिपोर्ट में उसके पेट में बालों का ढेर दिखा। इस बात का खुलासा होने पर अस्पताल के डॉक्टरों के भी होश उड़ गए। बरेली के जिला अस्पताल के सर्जन डॉक्टर एमपी सिंह ने इस बीमारी के बारे में 'पीटीआईभाषा' से कहा कि 'ट्राइकोफेजिया' एक मानसिक विकार है, जिससे पीड़ित मरीज को अपने बाल खाने की अदात पड़ जाती है। सिंह ने बताया, ''लड़की के पेट में गांठ से 'ट्राइकोफेजिया' बीमारी का संकेत मिल रहा है।




## सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी : ओम बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मथुरा (उप्र)/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करने की जरूरत पर बल दिया।

बिरला ने कहा, हम सत्य व नैतिकता से ओत-प्रोत चरित्रवान एवं देशभक्त समाज की स्थापना न कर पाए तो हम देश को जिस वैभव तक ले जाना चाहते हैं, वह सम्भव नहीं हो पाएगा। बिरला ने कहा इसलिए इस चिंता को दूर करने के लिए सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बिरला परमशक्ति पीठ द्वारा संचालित 'वात्सल्य ग्राम' में 'नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर' के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि धन की कमी पूरी की जा सकती है लेकिन अगर सत्य और नैतिकता पर आधारित समाज नहीं होगा तो हम देश को उस वैभव तक नहीं ले जा सकते, जिसके लिए हमारे यहां कामना की जाती है। इसलिए हमें सत्य व नैतिकता पर आधारित समाज तैयार करना है।

उन्होंने नवरात्र पर्व का जिक्र करते हुए कहा, यह शक्ति अर्जित करने का पर्व है। मां के यहां आकर लोगों को इसी प्रकार से सेवा, समर्पण, त्याग व नैतिकता की शक्ति मिले। नवरात्र में मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है, उससे सारा समाज प्रेरणा ले।

## हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी (उप्र)/भाषा।** अमेठी जिले के मुंशीगंज थाना पुलिस ने हिंदू देवी देवताओं और सनातन धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम करणी सेना के राष्ट्रीय सचिव और रामगंज थाना क्षेत्र के कुरंग निवासी प्रदीप कुमार सिंह ने मुंशीगंज थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि जलामा गांव के निवासी विकास मौर्य ने अपने फेसबुक अकाउंट से सनातन धर्म के देवी देवताओं के प्रति अश्लील और असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग किया है।

मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) प्रेम चंद ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 (किसी धर्म के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया और रविवार को अडारू बाजार के पास मौर्या (26) को गिरफ्तार कर लिया।

एसएचओ ने बताया कि देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी युवक को विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है।

## डासना मंदिर पर प्रदर्शन करने वाले '10-20' लोगों को पुलिस को गोली मार देनी चाहिए थी: भाजपा विधायक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गाजियाबाद/भाषा।** उप्र के गाजियाबाद जिले की लोनी सीट से भाजपा के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने डासना पीठ के महंत यति नरसिंहानंद की पैगम्बर मोहम्मद साहब के प्रति अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार रात मंदिर के बाहर हुए प्रदर्शन कर जिक्र करते हुए कहा है कि पुलिस को प्रदर्शनकारियों का 'गोली' मार देनी चाहिए थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गुर्जर कथित रूप से कहते हैं कि अगर 10-20 लोग मर जाते तो 'बवाल करने वाले लोग नहीं होते।'

नरसिंहानंद ने पिछली 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया है। नरसिंहानंद की टिप्पणी के विरोध में लोगों ने शुक्रवार रात डासना मंदिर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को लेकर डासना पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भानु की शिकायत पर वेव सिटी थाने में 150 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें से छह को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। डासना देवी मंदिर पहुंचे गुर्जर ने मंदिर पर पथराव होने का आरोप लगाते हुए कहा, ''जो मंदिर पर हमला हुआ है वह सनातन धर्म पर हमला है। पुलिस ने रात में लाठी चार्ज का नाटक तो किया लेकिन रात में पुलिस को 10-20 लोगों को गोली मार कर 'एनकाउंटर' करना चाहिए था। यह हमला पूरे हिंदुत्व पर है। रात में 10-20 लोग मर जाते हैं तो इस तरह का बवाल करने वाले लोग नहीं होते।''



### डासना मंदिर के बाहर प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव करने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद (उप्र)/भाषा।** पैगंबर मोहम्मद पर महंत नरसिंहानंद सरस्वती की टिप्पणी के खिलाफ शुक्रवार रात यहां डासना देवी मंदिर के बाहर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आमिर, शहजाद, साजिद, शोएब और मसूरी इलाके के दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने पुलिस पर कथित तौर पर पथराव किया था, जो मंदिर के बाहर भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश कर रही थी। पुलिस ने नरसिंहानंद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करने के मामले में शनिवार को 'युवा शक्ति दल' के अध्यक्ष रवि गौतम और चार अन्य को भी गिरफ्तार किया। सूत्रों ने बताया कि आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में रवि गौतम, अरविंद गौतम, कपिल गौतम, हाशिम और अर्पित को गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपा तीसरी बार सरकार बना रही है, कांग्रेस ईवीएम को दोष देगी : सैनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के निवर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को खारिज करते हुए रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी आठ अक्टूबर को घोषित परिणामों के बाद तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाएगी।

सैनी ने विपक्षी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी हार के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को दोषी ठहराएगी। अधिकतर एग्जिट पोल में हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को आगे बताया गया है। एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी के बारे में पूछे गए सवाल पर सैनी ने कहा, आठ अक्टूबर को हम सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 8 तारीख को जनता देगी जवाब, और ये (कांग्रेस) कहेंगे ईवीएम है खराब।



यह पूछे जाने पर कि 90 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा कितनी सीटें जीतेगी, सैनी ने कहा, ''मैंने कहा है कि हम पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।'' उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में किये गये कार्यों के आधार पर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए काम किया है और इसी काम के आधार पर पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। हरियाणा के लिए एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि इनमें छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत का अनुमान लगाया गया था और उत्तराखंड में भी पार्टी को आगे दिखाया गया था।

सैनी ने कहा, एग्जिट पोल का अपना सिद्धांत होता है और उनकी अपनी व्यवस्था होती है, लेकिन हम जमीन पर काम करते हैं। हमारे नेता सीधे जनता से जुड़े होते हैं। हरियाणा की जनता चाहती है कि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आए। हम तीसरी बार सरकार बना रहे हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में शनिवार को लगभग 67 प्रतिशत मतदान हुआ, तथा कई एग्जिट पोल में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है, जो एक दशक के बाद वापसी की उम्मीद कर रही है।



## भाजपा झारखंड को गरीब बनाए रखना चाहती है : कल्पना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सिमडेगा/भाषा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता कल्पना सोरेन ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह राज्य को गरीब बनाए रखना चाहती है।

सिमडेगा जिले में 'मईयां सम्मान यात्रा' के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार झारखंड को धन देने के मामले में सौतेली मां की तरह व्यवहार करती है। उन्होंने दावा किया, '' झारखंड की हॉकी जैसे खेलों में विशिष्ट पहचान है। राज्य में प्रतिभाओं का भंडार है लेकिन जब केंद्र द्वारा खेलो इंडिया के तहत धन मुहैया कराने का समय आता है तो झारखंड सबसे निचले पायदान पर होता है। वह इस मद में पूरी राशि अपने राज्यों को आवंटित कर देता है।'' मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना ने आरोप लगाया कि झारखंड सिर्फ खेल ही नहीं, बल्कि अन्य योजनाओं में भी भेदभाव का शिकार हो रहा है। उन्होंने दावा किया, ''आवास योजना के तहत झारखंड को जो धनराशि मिलनी चाहिए, वह भी भाजपा शासित राज्यों को मिल जाती है।'' कल्पना ने कहा, ''वे नहीं चाहते कि झारखंड के लोग शिक्षित हों, खेलकूद में आगे बढ़ें। वे चाहते हैं कि झारखंड हमेशा गरीब ही रहे।'' उन्होंने दावा किया कि केंद्र केवल झारखंड के खनिज संसाधन चाहता है।'' लेकिन, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र से राज्य के 1.36 लाख करोड़ रुपए (कोयला रॉयल्टी बकाया) मांगते हैं, तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है।''

## पुलिस कुलतली मामले में पॉक्सो के तहत दर्ज करे प्राथमिकी, दोषियों को मृत्युदंड सुनिश्चित करे: ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को पुलिस को निर्देश दिया कि दक्षिण 24 परगना में 10 साल की बच्ची से कथित दुष्कर्म और हत्या मामले में पॉक्सो के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि दोषियों को तीन महीने के भीतर मृत्युदंड की सजा मिले।

बनर्जी ऑनलाइन माध्यम से कई दुर्गा पूजा पंडालों का उद्घाटन करने के बाद कोलकाता पुलिस बॉडीगार्ड लाइन्स में लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अपराध का कोई रंग, जाति या धर्म नहीं होता।



मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं चाहती हूं कि पुलिस कुलतली मामले में पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करे और सुनिश्चित करे कि दोषियों को तीन महीने के भीतर मृत्युदंड की सजा मिले...अपराध अपराध होता है; इसका कोई धर्म या जाति नहीं होती । अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'' उन्होंने बलात्कार के मामलों में 'मीडिया ट्रायल' पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसे रोका जाना चाहिए क्योंकि इससे जांच में बाधा उत्पन्न हो सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कथित रूप से दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार 10 वर्षीय बच्ची का शव शनिवार को दक्षिण 24 परगना के कुलतली में मिला, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने एक पुलिस चौकी में आग लगा दी और वहां खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की।

## असम में अवैध संबंध के कारण सब्जी विक्रेता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी/भाषा।** गुवाहाटी में एक सरकारी चालक ने कथित तौर पर अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने के कारण एक सब्जी विक्रेता की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त दिगंत बराह ने कहा कि घटना बृहस्पतिवार रात को हुई और आरोपी ने इसे सड़क दुर्घटना का मामला बताने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, जांच के दौरान पाया गया कि यद्यपि यह घटना शुरू में एक सड़क दुर्घटना प्रतीत हुई थी लेकिन वास्तव में यह एक पूर्व नियोजित हत्या थी। बराह ने बताया कि पुलिस टीम ने हत्या में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा हत्या में प्रयुक्त सरकारी वाहन भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी एक सरकारी कार्यालय में चालक के रूप में काम करता है।

## एक राज्य के चुनाव परिणाम को दूसरे चुनावों का जनमत संग्रह नहीं कहा जा सकता : नकवी

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि एक राज्य के चुनाव परिणाम को दूसरे चुनावों का जनमत संग्रह नहीं कहा जा सकता।



पार्टी के सदस्यता अभियान में भाग लेने यहां पहुंचे नकवी ने कहा, ''भाजपा ने लगातार तीन लोकसभा और कई विधानसभा चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमारे लिए हर चुनाव का नतीजा कुछ सीख देने वाला होता है जिसके साथ हम सफलता पाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ते हैं।'' उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के 'एग्जिट पोल' के बारे में पूछे जाने पर किसी राज्य का नाम लिए बिना कहा, ''एक राज्य के चुनाव परिणाम को दूसरे चुनावों का जनमत संग्रह नहीं कहा जा सकता।'' हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को मतदान संपन्न होने के बाद, एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के नतीजों में यह संभावना जताई गई है कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है तथा 10 साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सत्ता से विदाई हो सकती है।

## मोदी के 'पुराने व्याख्यान' अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली 'विफलताओं' को नहीं छिपा सकते : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोला और कहा कि वही पुरानी बातें दोहराने वाले उनके 'बासी भाषण' देश की अर्थव्यवस्था के हर पहलू को प्रभावित करने वाली उनकी 'पूर्ण विफलताओं' को नहीं छिपा सकते।

खरगे ने 'एक्स' पर कहा, मोदीनॉमिक्स भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप है। उन्होंने घरेलू ऋणग्रस्तता, मूल्य वृद्धि एवं विनिर्माण क्षेत्र की समस्याओं जैसे मुद्दे उठाए और दावा किया कि मेक इन इंडिया बुरी तरह विफल हो गया है। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी जी, आपके वही पुराने व्याख्यान, जो बार-बार दोहराए जाते हैं, भारत की अर्थव्यवस्था के हर पहलू को प्रभावित करने वाली आपकी स्पष्ट विफलताओं को नहीं छिपा सकते! खरगे ने कहा कि वास्तविक रूप से घरेलू देनदारियों/ऋणग्रस्तता में 2013-14 से 2022-23 तक 241 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद के



प्रतिशत के रूप में घरेलू ऋण 40 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। खरगे ने बताया कि घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर है और कोविड-19 महामारी के बाद से भारतीय परिवारों की खपत उनकी आय से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा, सितंबर 2024 में घर की शाकाहारी थाली की कीमत पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत बढ़ गई है। इस अव्यवस्था के लिए भाजपा द्वारा थोपी गई महंगाई और असंगठित क्षेत्र की बर्बादी जिम्मेदार है!

खरगे ने कहा, 10 वर्षों में 'मेक इन इंडिया' बुरी तरह विफल हो गया है, क्योंकि कांग्रेस-संप्रग के दौरान भारत के बढ़ते निर्यात के लाभ को आपकी नीतियों ने खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, 'भारत की निर्यात वृद्धि' - कांग्रेस-संप्रग: 2004 से 2009 -186.59 प्रतिशत, 2009 से 2014 -94.39 प्रतिशत; भाजपा-राजग: 2014-2019 - 21.14 प्रतिशत, 2019-2023 - 56.8 प्रतिशत। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि 2014-15 और 2023-24 के बीच विनिर्माण क्षेत्र की औसत वृद्धि दर सिर्फ 3.1 प्रतिशत (भाजपा-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) है, जबकि 2004-05 और 2013-14 के बीच औसत वृद्धि दर 7.85 प्रतिशत (कांग्रेस-संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) थी। खरगे ने कहा कि इस विनाशकारी नीति ने विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की हिस्सेदारी को 15.85 प्रतिशत (2017-18) से घटाकर 11.4 प्रतिशत (2023-24) कर दिया है।

## संसद, विधानसभाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद और राज्य विधानसभाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं में असमानता को उजागर करते हुए रविवार को कहा कि सच्ची समानता के लिए इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने महिलाओं से उनकी पार्टी के 'शक्ति अभियान' से जुड़ने का आग्रह किया।



इस अभियान का उद्देश्य राजनीति में 'महिला हितों' के लिए समान स्थान सुनिश्चित करना है। गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, ''महिलाएं हमेशा से हमारे समाज और राजनीति की एक महत्वपूर्ण शक्ति रही हैं, लेकिन फिर भी संसद और विधानसभाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं में असमानता बनी हुई है। सच्ची समानता के लिए इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है।''

कांग्रेस नेता ने कहा, '' 'आधी आबादी, पूरा हक' की सोच के साथ हम इस लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। यदि आप भी यह बदलाव लाने के लिए तैयार हैं, तो 'शक्ति अभियान' से जुड़ें।'' उन्होंने कहा, ''आपकी भागीदारी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाकर असली बदलाव लाने के लिए बेहद अहम है।'' गांधी ने कहा, ''आइए, गांव से लेकर राष्ट्र तक हम इस परिवर्तन के प्रतिभागी बनें।'' उन्होंने 'शक्ति अभियान' के लिए पंजीकरण के वास्ते एक लिंक भी साझा किया।

## सुविचार

**संभव की सीमाओं को खोजने का एकमात्र तरीका असंभव से परे जाना है!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# महंगी पड़ी 'टाइम मशीन'

उत्तर प्रदेश में सैकड़ों लोगों को 'जवान' बनाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए ठगने का मामला हैरान कर देने वाला है! पैंसठ की उम्र वालों को 25 का बनाने का वादा कर एक दंपति कितनी आसानी से इतना बड़ा कांड कर गया! जो लोग ठगे गए, क्या उन्हें पता नहीं था कि जिस 'टाइम मशीन' के नाम पर उनकी जेबें ढीली करवाई जा रही हैं, उसके बारे में थोड़ी तो जानकारी जुटा लें? ताज्जुब की बात यह है कि उस दंपति के झांसे में आने वाले कई लोग उच्च शिक्षित थे। एक महिला डॉक्टर ने भी उन ठगों पर भरोसा कर लिया। हमारे देश की जनता कितनी मासूम है! हर साल ठग नए-नए शिगूफे छोड़ते हैं और उन्हें निराश नहीं होना पड़ता। सोचिए, अगर कुछ हजार रुपए खर्च कर बुढ़ापे को जवानी में बदलना संभव होता तो ऐसा दावा करने वाले लोग खुद हमेशा के लिए जवान क्यों नहीं हो जाते? वे अपने माता-पिता, रिश्तेदारों, दोस्तों आदि को 'जवान' क्यों नहीं बना देते? जो लोग उनके झांसे में आए, उनके मन में सबसे पहले ये ही सवाल उठने चाहिए थे। क्या ठगी के आरोपियों ने उनके सामने अपने घर-परिवार के ऐसे बुजुर्गों को मिसाल के तौर पर पेश किया था? अगर सच में ऐसा होता तो यह विज्ञान से जुड़ी महान खोज होती, जिसका फायदा जो बाइडन और शी जिनपिंग जैसे राजनेता उठाकर पूरी तरह जवान हो चुके होते। इस कथित 'टाइम मशीन' को इजराइली बताया जा रहा है। चूंकि इजराइल ने विज्ञान और अनुसंधान में बहुत प्रगति की है, इसलिए अगर कोई चीज उसके साथ जोड़ दी जाती है तो लोग उस पर जल्द भरोसा कर लेते हैं। उत्तर प्रदेश में जो लोग ठगे गए, उन्हें इस झांसे में आने से पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर देख लेनी चाहिए थी। लगभग 74 साल के नेतन्याहू के चेहरे पर उम्र का असर साफ देखा जा सकता है। अगर कथित इजराइली मशीन इतनी ही चमत्कारी होती तो नेतन्याहू बहुत पहले जवान हो जाते! आज इजराइल के साथ ईरान, लेबनान, फिलिस्तीन जैसे देशों की जो लड़ाई चल रही है, उसमें नया मोड़ आ जाता। ये देश इजराइल से किसी भी कीमत पर वह तकनीक हासिल करने की कोशिश करते।

सवाल है- बढ़ती उम्र से मुंह मोड़ने की इतनी ख्वाहिश क्यों? जो लोग उम्र के उस पड़ाव तक पहुंच जाएं, उन्हें तो खुद को सौभाग्यशाली समझना चाहिए। दुनिया में कितने ही लोग ऐसे हैं, जो अपनी ज़िंदगी में साठ वसंत नहीं देख पाए। हां, ईश्वर ने जो भौतिक शरीर दिया है, उसकी ठीक तरह से संभाल जरूर करनी चाहिए। इसके लिए योग-प्राणायाम करें, ऋतु के अनुकूल दिनचर्या अपनाएं, सात्विक भोजन करें, मन-वचन-कर्म से किसी को कष्ट न पहुंचाएं, जीवन में जो कुछ पाया, उससे संतुष्ट रहें, ईश्वर को धन्यवाद दें, क्योंकि आपके पास ऐसा बहुत कुछ है, जो दुनिया में करोड़ों लोगों के पास नहीं है। अगर जवानी का मतलब 'सकारात्मकता, नई ऊर्जा, नई सोच' है तो 65 की उम्र वाले भी जवान हो सकते हैं। साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय समेत विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे कई लोग हैं, जो 60 साल की उम्र के बाद खूब चमके। पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक (स्व.) डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भारत के युवाओं के बीच लगभग 71 साल की उम्र में लोकप्रिय हुए थे। उनके व्याख्यान सुनने के लिए किशोरों और युवाओं की भीड़ उमड़ने लगी थी, जो समय के साथ बढ़ती ही गई। डॉ. कलाम के पास ज्ञान, प्रेरणा और अनुभव का ऐसा खजाना था, जिससे देश के नौजवान सीखना चाहते थे। जो लोग अपनी ज़िंदगी के साठ, सत्तर, अस्सी ... साल देख चुके हैं, उनके पास यकीनन बहुत अनुभव होता है। उन्हें भी चाहिए कि वे इसे नई पीढ़ी के साथ साझा करें, उसका भविष्य बेहतर बनाएं। सोचिए, अगर किसी तरह फिर से 'जवान' हो भी गए तो वह जवानी कितने वर्षों तक रहेगी? हम आपको 'जवान' होने का नहीं, बल्कि 'अमर' होने का सूत्र बता रहे हैं। वह है- जितना संभव हो, भलाई करें। अपनी बुद्धि, शक्ति, सामर्थ्य, विवेक और संसाधनों से इस धरती को और सुंदर, और बेहतर जगह बनाने में योगदान दें। भौतिक शरीर कुछ वर्षों / दशकों बाद रहे या न रहे, आपके द्वारा की गई भलाई हमेशा रहेगी, वह और ज्यादा भले कामों की बुनियाद बनेगी।

## ट्वीटर टॉक



आज विद्याधर नगर विधानसभा के झोटवाड़ा में रैगर समाज पंचायत सेवा संस्था के पंचम शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई और सभी को नवीन दायित्व हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

**-दीया कुमारी**



आज अखिल भारतीय ज्येष्ठ अधिवक्ता संगम प्रन्यास व विधि संकाय राजस्थान विश्वविद्यालय के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित अधिवक्ता रजत जयंती सम्मान समारोह में भाग लेकर आधुनिक भारत में प्रचलित न्याय व्यवस्था विषय पर संबोधित किया।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



लालसोट, दौसा में हुए भीषण सड़क हादसे में कई लोगों की दुखद मृत्यु का समाचार मिला है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें, शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल दें, और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें।

**-मदन राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

### दूरियों की आवाज

संत आत्मानंद ने अपने शिष्यों से पूछा, 'जब दो लोग एक-दूसरे पर गुस्सा करते हैं तो जोर-जोर से चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कहा, 'अपनी शांति खोने के कारण चिल्लाने लगते हैं।' संत आत्मानंद ने मुस्कुराते हुए कहा, दोनों लोग एक-दूसरे के काफी करीब होते हैं तो फिर धीरे-धीरे भी तो बात कर सकते हैं।' शिष्यों ने जवाब दिया, लेकिन संत संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने खुद उत्तर देना शुरू किया। वह बोले, 'जब दो लोग एक-दूसरे से नाराज होते हैं तो उनके दिलों में दूरियां बहुत बढ़ जाती हैं। जब दूरियां बढ़ जाएं तो आवाज को पहुंचाने के लिए उसका तेज होना जरूरी है। दूरियां जितनी ज्यादा होंगी उतनी तेज चिल्लाना पड़ेगा। दिलों की यह दूरियां ही दो गुस्साए लोगों को चिल्लाने पर मजबूर कर देती हैं। जब दो लोगों में प्रेम होता है तो वह एक दूसरे से बड़े आराम से और धीरे-धीरे बात करते हैं। प्रेम दिलों को करीब लाता है और करीब तक आवाज पहुंचाने के लिए चिल्लाने की जरूरत नहीं।' संत आत्मानंद बोले, 'अब जब भी कभी बहस करें तो दिलों की दूरियों को न बढ़ने दें। शांत चित्त और धीमी आवाज में ही बात करें। ध्यान रखें कि कहीं दूरियां इतनी न बढ़ जाएं कि वापस आना ही मुमकिन न हो।'

## सामयिक

# असुरों के पुराण प्रसिद्ध भ्राताद्वय मधु व कैटभ

**अशोक प्रवृद्ध**



नवरात्र काल में आदि काल में सृष्टि निर्माण से संबंधित दो प्रसिद्ध दैत्य मधु व कैटभ नामक भ्राताद्वय के वध की कथाएं लोगों के मन मस्तिष्क पर छाई रहती हैं। असुरों के पुराण प्रसिद्ध राक्षसद्वय मधुकैटभ की उत्पत्ति महाभारत शांति पर्व 355/22 व देवी भागवत पुराण 1/4 के अनुसार कल्पांत तक सोते हुए विष्णु के कानों की मैल से हुई थी। विष्णु धर्मोत्तर पुराण 1/15 के अनुसार विष्णु के पसीने से हुई थी। तथा महाभारत शांति पर्व 355/22 और पद्म पुराण सृजन खंड 40 के अनुसार रजोगुण और तमोगुण से हुई थी। मार्कण्डेय पुराण के दुर्गा सप्तशती में अंकित वर्णन के अनुसार देवी की उत्पति सर्वप्रथम तब हुई, जब कल्प के अंत में योगनिद्रा में सोये हुए भगवान विष्णु के कानों के मैल से उत्पन्न मधु और कैटभ नामक राक्षसों ने ब्रह्मा अर्थात प्रजापति अथवा संवत्सर को नष्ट कर देना चाहा। ब्रह्मा ने उस समय देवी का जिन शब्दों में आवाहन किया था, वह ऋग्वेद में अंकित वाक अर्थात तड़ित अथवा विद्युत के स्वकथित वर्णन से बहुत कुछ मिलता है। देवी सप्तशती में देवी का आवाहन करते हुए ब्रह्मा कहते हैं- देवी! तुम ही स्वाहा, स्वधा, तथा वषट्कार हो। स्वर भी तुम्हारे ही रूप हैं। ॐकार भी तुम ही हो। देवी! तुम ही इस विश्व ब्रह्मांड को धारण करती हो। खड्ग धारिणी, शूल धारिणी, गदा, चक्र, शंख तथा धनुष धारण करने वाली हो। बाण, भुशुंडि तथा परिध भी तुम्हारे अस्त्र हैं। वाक स्वयं कहती है- मैं देवी रुद्र, बसु, आदित्य तथा विश्वेदेवों के रूप में विचरती हूँ, मैं ही ब्रह्मद्वेषियों को वध करने के लिए रुद्र के धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाती हूँ। महाभारत में अंकित है कि मधु के मारने वाले भगवान विष्णु स्वयं हैं। दुर्गा सप्तशती के अनुसार भी मधु और कैटभ को विष्णु ने ही मारा था, परंतु देवी ने इस कार्य में उनका साथ दिया था। प्राचीन वैदिक काल में मधु वर्ष के प्रथम मास का नाम था। मधु तथा माधव ये दोनों महीने वसंत ऋतु के होते थे। इसलिए मधु संवत्सर का सिर था। वृहदारण्यकोनिषद में संवत्सर तथा यज्ञ दोनों को ही प्रजापति कहा गया है। यज्ञ तथा यज्ञीय अश्व का अनेक स्थानों में समीकरण किया गया है। यज्ञ के अश्व का वध होता था। उषा को भी यज्ञीय अश्व का सिर कहा गया है। ऋग्वेद के इंद्र उषा के रथ का ध्वंस करने वाले हैं। छान्दोग्य उपनिषद 1 /3 में आदित्य को देवमधु, उसकी किरणों को भ्रमर तथा दिशाओं को मधुनाड़ी कहा गया है। इंद्र के मेघ से सूर्य आच्छादित हो जाता है, तथा सूर्य के तिरोहित होने पर उसके स्थान पर तड़ित अर्थात वाग्देवी का प्रकाश सूर्य के समान रहता है। देवी द्वारा मधु का यही वध है। कैटभ अथवा केतु भी चंद्रमा अथवा सूर्य ही है, जो अकेतु अर्थात अचेतन को केतु अर्थात चेतनशील करता है। महिषासुर का वध भी वृष्टि के द्वारा सूर्य की लोकनाशक प्रवृति के दमन का रूपक है, अन्यथा महिषासुर वध महान आच्छादक वृत्र का ही वध है। विष्णु द्वारा मधु कैटभ का वध संवत्सर द्वारा सूर्य तथा चंद्रमा का नियमवद्ध होना है।

वर्तमान में प्रचलित पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन काल में चतुर्दिक जलायमग्न स्थिति में कल्पांत तक शेषनाग की शैय्या पर सोये भगवान विष्णु के दोनों कान की मैल से मधु और कैटभ नामक दो महापराक्रमी दानव उत्पन्न हुए। उत्पन्न होते ही वे अपनी उत्पति का कारण सोचने लगे। कैटभ ने मधु से कहा- इस जल में हमारी सत्ता को क़ायम रखने वाली भगवती महाशक्ति ही हैं। उनमें अपार बल है। उन्होंने ही इस जल तत्त्व की रचना की है। वे ही परम आराध्या शक्ति हमारी उत्पत्ति की कारण है। इतने में ही आकाश में एक सुंदर वाग्बीज गुंजने लगा। गुंजते वाग्बीज को सुन उन दोनों दैत्यों ने सोचा कि यही भगवती का महामंत्र है। और वे उसी मंत्र का ध्यान और जप करने लगे। अन्न - जल का त्याग करके निराहार रह उन्होंने एक हज़ार वर्ष तक बड़ी कठिन तपस्या की, तो भगवती महाशक्ति उन पर प्रसन्न हो गईं। और आकाशवाणी से उनसे वरदान मांगने के लिए कहा। मधु और कैटभ ने उनसे स्वेच्छामरण का वर देने की मांग की। देवी ने दैत्यों से कहा- मेरी कृपा से इच्छा करने पर ही मृत्यु तुम्हें मार सकेगी। देवता और दानव कोई भी तुम भ्राताद्वय को पराजित नहीं कर सकेंगे। देवी का वर पाकर मधु और कैटभ को अत्यन्त अभिमान हो गया। वे समुद्र में जलचर जीवों के साथ क्रीड़ा करने लगे। एक दिन अचानक प्रजापति ब्रह्मा पर उनकी दृष्टि पड़ी। ब्रह्मा कमल के आसन पर विराजमान थे। उन दैत्यों ने ब्रह्मा से युद्ध करने के लिए ललकारते हुए कहा कि कहा- हमसे युद्ध करो, यदि लड़ना नहीं चाहते तो इसी क्षण यहाँ से चले जाओ, क्योंकि यदि तुम्हारे अन्दर शक्ति नहीं है, तो इस उत्तम आसन पर बैठने का तुम्हें कोई अधिकार नहीं है। मधु और कैटभ की बात सुनकर ब्रह्मा अत्यन्त चिंतित हुए कि उनका सारा समय तो तप में व्यतीत हुआ है। युद्ध करना उनके स्वभाव के प्रतिकूल था। भयभीत होकर वे भगवान विष्णु की शरण में गये। उस समय भगवान विष्णु योगनिद्रा में निमग्न थे। ब्रह्मा के बहुत प्रयास करने पर भी उनकी निद्रा नहीं टूटी। अन्त में उन्होंने भगवती योगनिद्रा की स्तुति करते हुए कहा- भगवती! मैं मधु और कैटभ के भय से भयभीत होकर आपकी शरण में आया हूँ। भगवान विष्णु आपकी माया से अचेत पड़े हैं। आप सम्पूर्ण जगत की माता हो। सभी का मनोरथ पूर्ण करना आपका स्वभाव है। आपने ही मुझे जगतस्रष्टा बनाया है। यदि मैं दैत्यों के हाथ से मारा गया तो आपकी बड़ी अपकीर्ति होगी। इसलिए आप भगवान विष्णु को जगाकर मेरी रक्षा करें। ब्रह्मा की प्रार्थना सुनकर भगवती भगवान विष्णु के नेत्र, मुख, नासिका, बाहु और हृदय से निकल कर आकाश में स्थित हो गईं। और भगवान विष्णु उठकर बैठ गये। बाद में उनका मधु और कैटभ से पाँच हज़ार वर्षों तक घोर युद्ध हुआ। फिर भी वे मधु कैटभ भ्राता द्वय को परास्त करने में असफल रहे। बाद में उन्हें स्मरण हुआ कि इन दोनों दैत्यों को भगवती ने इच्छामृत्यु का वर दिया है। भगवती की कृपा के बिना इनको मारना असंभव है। इतने में ही उन्हें भगवती योगनिद्रा के दर्शन हुए। भगवान ने रहस्यपूर्ण शब्दों में भगवती की स्तुति की। भगवती ने प्रसन्न होकर कहा- आप देवताओं के स्वामी हैं। मैं इन दैत्यों को माया से मोहित कर दूँगी, तब आप इन्हें मार सकेंगे। भगवती का अभिप्राय समझकर विष्णु ने दैत्यों से कहा कि तुम दोनों के युद्ध से मैं परम प्रसन्न हूँ। इसलिए मुझसे इच्छानुसार वर माँगो। दैत्य भगवती की माया से मोहित हो चुके थे। उन्होंने कहा- हम याचक नहीं हैं, दाता हैं। तुम्हें जो मांगने की इच्छा हो, हम से प्रार्थना करो। हम देने के लिए तैयार हैं। विष्णु बोले- यदि देना ही चाहते हो तो मेरे हाथों से मृत्यु स्वीकार करो। भगवती की कृपा से मोहित होकर मधु और कैटभ अपनी ही बातों से ठगे गये। भगवान विष्णु ने दैत्यों के मस्तकों को अपने जांघों पर रखवाकर सुदर्शन चक्र से काट डाला। इस प्रकार मधु और कैटभ का अन्त हुआ। कथा के अनुसार जब ये ब्रह्मा को मारने दौड़े तो विष्णु ने इनका वध कर दिया। तभी से विष्णु मधुसूदन अर्थात मधु दैत्य का संहार करने वाले और कैटभभाजित अर्थात कैटभ दैत्य के विनाशक कहलाए। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार उमा ने कैटभ को मारा था, जिससे वे कैटभा कहलाईं। महाभारत और हरिवंश पुराण का मत है कि इन असुरों के मेदा के ढेर के कारण पृथ्वी का नाम मेदिनी पड़ा था।

## मुद्दा

# जम्मू-कश्मीर में उपेक्षित समुदायों को नया जीवन

**ई. प्रभात किशोर**

**मोबाइल: 8544128428**

भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 एवं 35 ए दो विवादास्पद प्रावधान हैं, जो जम्मू और कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करते हैं। अनुच्छेद 370 राज्य को अपना संविधान बनाने का अधिकार देता है और राज्य के संबंध में संसद की शक्ति को प्रतिबंधित करता है। अनुच्छेद 35 ए राज्य को राज्य के स्थायी निवासियों और उनके विशेषाधिकारों को परिभाषित करने की शक्ति प्रदान करता है। अनुच्छेद 35 ए मूल संविधान का हिस्सा नहीं था और इसे 1954 में राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से जोड़ा गया था।

5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 तथा 35 ए को संसद के द्वारा निरस्त किये जाने के बाद, जम्मू और कश्मीर विधानसभा के लिए प्रथम चुनाव संपन्न हो गया है। हालांकि 2019 से पहले भी जम्मू, कश्मीर और लद्दाख तीनों क्षेत्रों के लोग स्थानीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अपना वोट डाला करते थे, परन्तु पश्चिमी पाकिस्तान शरणार्थी, वाल्मीकि और गोरखा समुदायों को विधानसभा चुनावों में वोट डालने से भेदभावपूर्ण तरीके से वंचित रखा गया।

अनुच्छेद 370 और 35ए की समाप्ति से वाल्मीकि समाज, गोरखा समाज और पश्चिमी पाकिस्तान शरणार्थियों (डब्ल्यूपीआर) को विधान सभा चुनाव में प्रथम बार मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है और यह उनके लिए एक ऐतिहासिक और यादगार क्षण है। इन समुदायों की जनसंख्या लगभग 2 लाख है, जो जम्मू क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर जम्मू, सांबा और कठुआ जनपदों में बसे हुए हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में दूसरे दर्जे के नागरिक के रूप में जीवन यापन करने वाले पश्चिमी पाकिस्तान शरणार्थी, वाल्मीकि समाज और गोरखा परिवारों में खुशी का माहौल है।

ऐतिहासिक दृष्टि से, 1947 में भारत विभाजन के दौरान पाकिस्तान से भगा दिये गये पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों के 5764 परिवार - जिनमें मुख्य रूप से हिंदू और सिख शामिल हैं - कश्मीर में विभिन्न हिस्सों में बसे थे। वाल्मीकि समाज के लगभग 372 परिवारों को मूल रूप से बख्शी गुलाम मोहम्मद के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के द्वारा सफाई कार्य के लिए 1957 में पंजाब के गुरुदासपुर जिले से जम्मू-कश्मीर लाया गया था। गोरखा समाज के पूर्वज 18वीं शताब्दी में डोगरा महाराजा के अनुरोध पर डोगरा सेना में सेवा हेतु नेपाल से आकर बसे थे। उन्होंने हुंजा की लड़ाई और प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर 1947 में पाकिस्तानी हमले तक जम्मू-कश्मीर राज्य बलों के सैनिकों के रूप में कई युद्ध लड़े। इन तीन समुदायों में से, पश्चिमी पाकिस्तान के शरणार्थियों को सिर्फ लोकसभा चुनाव में मतदान का सीमित अधिकार प्राप्त है।

आज की तिथि में, भारत विभाजन के दौरान पाकिस्तान से भगा दिये गये पश्चिमी पाकिस्तान के शरणार्थी परिवारों की अनुमानित संख्या लगभग 22000, वाल्मीकि समाज के लगभग 500 और गोरखा समुदाय की 500 से अधिक बतायी जाती है। 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त किये जाने के उपरान्त इन उपेक्षित समुदायों की स्थिति बदल गई है और उनके लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। दशकों के अन्याय और भेदभाव के बाद, अंततः उन्हें राज्य के निवासी होने का प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इसने तीन वंचित समुदायों के जीवन और भाग्य को बदल दिया है और अब वे सभी संवैधानिक अधिकारों के साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्ण नागरिक हैं। वे अब भूमि खरीदने, नौकरियों के लिए आवेदन करने, अपने प्रतिनिधियों के चयन हेतु सभी आम चुनावों में भाग लेने और वैकल्पिक आजीविका तलाशने में सक्षम हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, तत्कालीन केंद्र और राज्य सरकार के भेदभावपूर्ण और सौतेले रवैये ने वाल्मीकि, गोरखा और पश्चिमी पाकिस्तान के शरणार्थियों की पीढ़ी-दर-पीढ़ी को सिर्फ उनके धर्म और आस्था की बुनियाद पर उनके मूल अधिकारों से वंचित किया है। अनुच्छेद 370 और 35 ए की समाप्ति से उनके लिए विधानसभा चुनावों में मतदान करने के लिए द्वार खुले हैं और यह उनके जीवन में एक नई सुबह की तरह आया है।

## नजरिया

# 'कार्बन खेती' में छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभ का द्वार

**प्रियंका सौरभ**

**मोबाइल : 7015375570**

छोटे पैमाने के किसानों के लिए, कार्बन बाज़ार खेती के तरीकों को बेहतर बनाने, जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने और वैश्विक जलवायु समाधानों में उनके योगदान का अवसर प्रदान करते हैं। कई कार्बन परियोजनाओं का उद्देश्य वनों, आर्द्रभूमि और अन्य पारिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा और उन्हें बहाल करना है। ये पारिस्थितिकी तंत्र जैव विविधता के महत्वपूर्ण स्रोत हैं और छोटे किसानों और ग्रामीण समुदायों के लिए आजीविका के अवसर प्रदान कर सकते हैं। देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पिछले छह दशकों से भारतीय कृषि में गहन खेती की प्रथाएँ अपनाई गई हैं। इसके परिणामस्वरूप देश भर में प्रमुख खेती योग्य भूमि में मिट्टी के कार्बनिक कार्बन में महत्वपूर्ण कमी, मिट्टी की उर्वरता में गिरावट और रासायनिक प्रदूषण हुआ है। इसके अलावा, प्रमुख अनाजों की एकल-फसल खेती के साथ गहन खेती ने जैव विविधता को नुकसान पहुँचाया और भूजल संसाधनों की कमी हुई। इन खेती प्रथाओं ने ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में भी वृद्धि की है जो ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन में योगदान करती है। भारत का कृषि वानिकी क्षेत्र कार्बन वित्त परियोजनाओं के साथ एकीकरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है, विशेष रूप से वनरोपण, पुनर्वनरोपण और पुनर्वनीकरण पहलों के माध्यम से।

कार्बन वित्त परियोजनाओं के माध्यम से कार्बन पृथक्करण कार्बन को अलग करने की कृषि वानिकी की क्षमता इसे कार्बन वित्त पहलों का एक केंद्रीय घटक बनाती है। कार्बन वित्त परियोजनाओं में पेड़ लगाना या कृषि परिदृश्य में वृक्ष आवरण को बढ़ाना शामिल है, जिससे किसान कार्बन पृथक्करण गतिविधियों के माध्यम से कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं। 2050 तक कृषि वानिकी क्षेत्र को 53 मिलियन हेक्टेयर तक विस्तारित करना बड़े पैमाने पर कार्बन पृथक्करण और वैश्विक कार्बन बाजारों में भागीदारी का अवसर प्रस्तुत करता है। कार्बन वित्त परियोजना पहल आय विविधीकरण की क्षमता भी प्रदान करती है, विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए। हालांकि, छोटे किसानों को अभी भी कार्बन बाजारों से बड़े पैमाने पर लाभ नहीं मिला है - मुख्य रूप से कम कीमतों की पेशकश और व्यापार योग्य, अद्वितीय और सत्यापन योग्य कार्बन क्रेडिट बनाने की उच्च लागत के कारण। इसके अलावा, कार्बन बाजारों में भाग लेने के लिए समय और संसाधनों के महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि कार्बन बाजार कार्बन पृथक्करण के लिए वित्तीय लाभ प्रदान कर सकते हैं, लेकिन किसानों द्वारा वहन की जाने वाली लागतों को कवर करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन अपर्याप्त हो सकते हैं। फिर भी, बाजार तेजी से बदल रहा है, और नई प्रौद्योगिकियां जो संभव है उसकी सीमा का विस्तार कर रही हैं। कार्बन पृथक्करण से परे, कार्बन वित्त परियोजनाओं के तहत कृषि वानिकी मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है, जल प्रतिधारण में सुधार करती है और कटाव को कम करती है, जिससे कृषि उत्पादकता को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, यह क्षरित भूमि को बहाल करके तथा जलवायु संबंधी जोखिमों के विरुद्ध एक बफर प्रदान करके पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देता है। कृषि वानिकी का समर्थन करने वाली सरकारी नीतियाँ जैसे राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति, 2014 भारत में कृषि वानिकी के विस्तार के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। कार्बन वित्त के साथ आगे एकीकरण के लिए, इस नीति को कार्बन वित्त परियोजनाओं पहलों का स्पष्ट रूप से समर्थन करने तथा कार्बन बाजारों तक पहुँच को सुगम बनाने के लिए संशोधित किया जाना चाहिए। कार्बन पृथक्करण के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता, वित्तीय प्रोत्साहन, जैसे कि पेड़ लगाने या वन आवरण को बनाए रखने के लिए सब्सिडी, छोटे किसानों को व्यवस्थित रूप से कृषि वानिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। क्षमता निर्माण और जागरूकता अभियान कृषि वानिकी और कार्बन वित्त के लाभों के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक हैं। विस्तार सेवाएँ और गैर सरकारी संगठन सूचना प्रसारित करने और तकनीकी सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जिससे छोटे और सीमांत किसान कार्बन वित्त पहलों में भाग ले सकें।

निजी क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जैसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और अंतर्राष्ट्रीय कार्बन वित्त प्लेटफार्मों के साथ जुड़ना कृषि वानिकी-आधारित कार्बन वित्त परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। वेरा और गोल्ड स्टैंडर्ड जैसे वैश्विक प्लेटफार्मों को भारत-केंद्रित मानकों की आवश्यकता को पहचानने की आवश्यकता है जो छोटे किसानों की कृषि की अनूठी चुनौतियों को ध्यान में रखते हैं। भारत में कृषि वानिकी में कार्बन पृथक्करण, पर्यावरणीय स्थिरता और ग्रामीण आर्थिक विकास में योगदान करने की अपार क्षमता है। भारत में कृषि क्षेत्र के लिए स्वैच्छिक कार्बन बाजार (वीसीएम) को बढ़ावा देने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है, ताकि छोटे और सीमांत किसानों को कार्बन क्रेडिट लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। किसानों को कार्बन बाजार से परिचित कराने से उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों की स्वीकृति में तेजी आ सकती है। किसान टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपना सकते हैं और कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही मिट्टी, पानी, जैव-विविधता आदि जैसी बेहतर प्राकृतिक पूंजी के संदर्भ में अन्य कृषि-पारिस्थितिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि में कार्बन क्रेडिट बाजार अपनी प्रारंभिक अवस्था में है और इसके लिए सख्त निगरानी और नियामक प्रणाली की आवश्यकता है। ऐसी चिंताएं हैं कि असममित जानकारी, पारदर्शिता की कमी और अपर्याप्त विनियमन कार्बन क्रेडिट के लिए अनुचित मूल्य निर्धारण प्रथाओं को जन्म दे सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आय कम हो सकती है। इसके अतिरिक्त, किसानों और ग्रामीण समुदायों में ज्ञान और जागरूकता की कमी उनके शोषण का कारण बन सकती है। देश में इस बारे में पारदर्शिता, विनियमन और व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपायों की तत्काल आवश्यकता है। देश में कुशल और पारदर्शी कामकाज के लिए ये प्रणालियाँ आवश्यक हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इच्छित लाभ किसानों तक पहुँचें। कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजारों के लिए रूपरेखा कृषि समुदाय के बीच कार्बन बाजार को बढ़ावा देने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने और वित्तपोषित करने में मदद करेगी। वीसीएम रूपरेखा का मुख्य उद्देश्य हितधारकों को जागरूक बनाना और उनका क्षमता निर्माण करना, किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। आगे चलकर यह सतत विकास लक्ष्यों में योगदान देगा, ग्रामीण आजीविका में सहायता प्रदान करेगा और कृषि में लचीलापन बढ़ाएगा।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

जनसभा



झामुमो विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन रविवार को झारखंड के सिमडेगा में 'मैया सम्मान यात्रा' के दौरान एक जनसभा में शामिल हुईं। इस अवसर पर कांग्रेस सांसद दीपिका पांडे सिंह भी मौजूद रहीं।

# पुणे में सैन्य खुफिया कोर के गुमनाम नायकों को समर्पित पार्क का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे शहर में सेना की खुफिया शाखा के कर्मियों को समर्पित देश के पहले 'सतर्क पार्क' का उद्घाटन किया गया है, जिसका उद्देश्य कुछ गुमनाम नायकों से जुड़े सबसे वीरतापूर्ण प्रसंगों को प्रदर्शित करना है। इस पार्क में देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सेना के 40 खुफिया कर्मियों की आवक्ष प्रतिमाएं स्थापित हैं। प्रत्येक प्रतिमा के साथ उनकी वीरता का संक्षिप्त विवरण है। लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप कुमार चहल, खुफिया कोर के कर्नल और



एमआईएनटीएसटी के कमांडेंट ने शनिवार को इस पार्क का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में शहीद सैनिकों के परिवार भी शामिल हुए।

पुणे छावनी के वनवाड़ी इलाके में स्थित 'सतर्क पार्क' की परिकल्पना और विकास 'रोडवेज सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रा लिमिटेड' (आरएसआईएल) ने 'मिलिट्री इंटेलीजेंस ट्रेनिंग स्कूल एंड डिपो' (एमआईएनटीएसडी) के साथ मिलकर किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह सैन्य खुफिया कोर के आदर्श वाक्य 'सदा सतर्क' से प्रेरित है। पार्क की एक दीवार पर खुफिया कोर का गीत अंकित और भारत माता की एक अमूर्त प्रतिमा है जो 1962 से 2020 तक के 40 शहीदों की प्रतिमाओं के साथ-साथ उनके योगदान को दर्शाती हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इनमें से ज्यादातर सैन्य खुफिया कर्मी और अधिकारी जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए और उन्हें मरणोपरांत सैन्य सम्मान दिया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल चहल ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, वर्ष 1962 से खुफिया कोर के शहीद नायकों को समर्पित एक पार्क विकसित करने का विचार रोडवेज सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रा लिमिटेड द्वारा दिया गया था।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कोरियोग्राफर जानी मास्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार निलंबित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रकोष्ठ ने यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर कोरियोग्राफर जानी मास्टर को दिए जाने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के लिए कोरियोग्राफर को दिया गया आमंत्रण भी वापस ले लिया। जानी मास्टर का असली नाम शेख जानी बाशा है। उन्हें 2022 की तमिल फिल्म 'तिरुचित्रम्बलम' के गीत 'मेघम करुक्कथा'में किए गए काम के लिए सम्मानित किया जाना था। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रकोष्ठ ने चार अक्टूबर (शुक्रवार) को जारी नोट में कहा कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र कोरियोग्राफर को 'पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोप की जानकारी सामने आने से पहले दिया गया था।

पत्र में कहा गया कि आरोप की गंभीरता और मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने के मद्देनजर, सक्षम प्राधिकारी ने शेख जानी बाशा को फिल्म तिरुचित्रम्बलम के लिए वर्ष 2022 की सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार देने के फैसले को अगले आदेश तक निलंबित रखने का निर्णय लिया है। उप निदेशक इंद्राणी बोस द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है, अतः 8.10.24 को विज्ञान भवन, नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के लिए शेख जानी बाशा को दिया गया आमंत्रण वापस लिया जाता है। एक अदालत ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत देने की जानी मास्टर की अर्जी स्वीकार कर ली थी।

पिछले महीने जानी मास्टर की सहायक के रूप में काम करने वाली एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि कोरियोग्राफर ने 2020 में काम के सिलसिले में मुंबई जाने के दौरान उसका यौन उत्पीड़न किया और किसी को बताने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

नरसिंगी पुलिस ने 15 सितंबर को जानी मास्टर के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (2) (एन), धारा 506 और धारा 323 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया था कि पीड़िता का बयान दर्ज करने के बाद पता चला कि कथित अपराध के समय वह नाबालिग थी, इसलिये पॉक्सो अधिनियम 2012 की प्रासंगिक धारा भी जोड़ दी गई।

# जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा एक 'सकारात्मक कदम' : पूर्व विदेश मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस्लामाबाद दौरे को 'सकारात्मक कदम' करार देते हुए कहा कि इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। भारत ने 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई जयशंकर द्वारा किये जाने की शुक्रवार को घोषणा की। जयशंकर ने हालांकि पाकिस्तान के अपने दौरे के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया। डॉन समाचार पत्र ने रविवार को कसूरी के हवाले से एक खबर में बताया, जयशंकर का दौरा बहुपक्षीय है लेकिन इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है।

जनरल परवेज मुशर्रफ की सरकार में 2002 से 2007 तक पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहे कसूरी ने कहा कि दोनों देशों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, बातचीत फिर से शुरू करने से लोगों के बीच संपर्क बहाल करने में मदद मिलेगी और सड़क, रेल तथा हवाई संपर्क बहाल करने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, कसूरी ने सुझाव दिया कि पश्चिमी एशिया में भारी तनाव के समय पाकिस्तान और भारत को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता था।

पश्चिमी एशिया में इजरायल, गाजा और लेबनान के लोगों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा, अतीत में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के समय यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के राजदूत ने भूमिका निभाने का दावा किया था। कसूरी ने कहा कि दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं और उनके पास शक्तिशाली सेनाएं है, इसलिए क्षेत्र में तनाव कम करना उनके आपसी हित में है। समाचार पत्र ने पूर्व मंत्री के हवाले से कहा, इस स्थिति में दोनों देशों को जिम्मेदारी और समझदारी से काम करने की जरूरत है। यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिसमें क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है।

कसूरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए भारत एक निम्न स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेज सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-भारत संबंधों का अनुमान लगाना मुश्किल है और ये कभी भी बदल सकते हैं जैसा कि अतीत में कई मौकों पर हुआ है।

# पोप ने 21 नए कार्डिनल के नाम घोषित किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रोम।पोप फ्रांसिस ने रविवार को 21 नए कार्डिनल की घोषणा की जिससे कार्डिनल्स कॉलेज का आकार काफी बढ़ गया है तथा धर्माध्यक्षों के समूह पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है, जो एक दिन उनके उत्तराधिकारी का चुनाव करेंगे। इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप द्वारा नामित लोगों में दक्षिण अमेरिका के कई प्रमुख धर्मप्रांतों (डायोसिस) और महाधर्मप्रांतों (आर्चडायोसिस) के प्रमुख शामिल हैं।

इनमें अर्जेंटीना के सैंटियागो डेल एस्टेरो, ब्राजील के पोर्टो एलेग्रे, चिली के सैंटियागो, इक्वाडोर के गुआयाकिल और पेरू के लीमा के कैथोलिक चर्च के प्रमुख शामिल हैं।

नये कार्डिनल को आठ दिसंबर को एक समारोह में लाल टोपियां प्रदान की जाएंगी। यह समारोह अपने आप में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसके साथ रोम में क्रिसमस की आधिकारिक रूप से शुरुआत होती है।



# 25 से शुरू होगा 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का नया सीजन

मुंबई/एजेन्सी

'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के नए सीजन का प्रीमियर 25 अक्टूबर को होगा। इससे पहले इसके चार सीजन आ चुके हैं। शो के निर्माताओं ने नए सीजन की जानकारी उनके फैंस को देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए सीजन का वीडियो शेयर किया है। निर्माताओं ने पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा कि पंचमुखी अवतार में पवन पुत्र लौट के आ रहे हैं। इस शो का पांचवा सीजन 25 अक्टूबर को स्ट्रीमिंग होगा। नया सीजन में भगवान हनुमान के पंचमुखी अवतार को दिखाया जाएगा। इसमें उनकी अद्वितीय शक्ति और बुद्धि दिखाई जाएगी। यह दर्शकों के लिए एक विजुअल ट्रीट होगी, जिसमें शानदार विजुअल और भगवान हनुमान की बहादुरी की दमदार कहानी पेश की जाएगी।

'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का सीजन 5 ग्राफिक इंडिया के बैनर तले शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल ने बनाया है। इस सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे भगवान महादेव भगवान राम की सेवा करने के लिए हनुमान के रूप में अवतार लेते हैं। एक शक्तिशाली योद्धा से देवता बनने की उनकी यात्रा को दर्शाते हैं कि कैसे हनुमान अंधकार के सामने आशा के प्रतीक बन गए।

इस शो में संकेत म्हात्रे, सुरभि पांडे, दमनदीप सिंह बग्गन, विक्रांत चतुर्वेदी, रिचर्ड जोएल, शरद केलकर, रोहन जादव, शक्ति सिंह, साहिल वैद, वली, अहिरावण, तोशी सिन्हा, राजेश जॉली, आदित्य राज शर्मा, पुष्कर विजय, रोहन वर्मा, शैलेंद्र पांडे, सुरेंद्र भाटिया, विक्रम कोचर, अमित देवंडी, गणेश दिवेकर, गिरीश सहदेव और कई अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं।

बता दें कि पहले सीजन का प्रीमियर 29 जनवरी, 2021 को 13 एपिसोड के साथ हुआ था। बाद में 27 जुलाई, 2021 को 13 एपिसोड के साथ इसका दूसरा सीजन सामने आया। वहीं 12 जनवरी 2024 इसके तीसरे सीजन के छह एपिसोड सामने आए। चौथे सीजन की घोषणा 23 अप्रैल 2024 को हनुमान जयंती के अवसर पर की गई थी। इस शो का प्रसारण इस साल 5 जून से 11 जुलाई तक किया गया। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीरीज, वर्तमान में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



# फिल्म 'राजाराम' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री के बैनर तले बनी खेसारीलाल यादव की बहुप्रतीक्षित फिल्म राजाराम का टीजर रिलीज होने के साथ हीं यूट्यूब पर ट्रेंड करने लगा है। फिल्म राजाराम में खेसारीलाल यादव का किरदार काफी अलग और चौंकाने वाला है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।फिल्म का टीजर सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है और इसे छह लाख से भी अधिक लोगों ने देख लिया है। खेसारीलाल यादव ने कहा, 'फिल्म राजाराम मेरे दिल के बेहद करीब है, क्योंकि इसमें मैंने एक ऐसा किरदार निभाया है,जो पहले कभी नहीं किया।

टीजर में जो देखा गया है,वह सिर्फ एक झलक है। पूरी फिल्म में दर्शकों को कई अप्रत्याशित मोड़ और भावनात्मक क्षण देखने को मिलेंगे। मुझे यकीन है कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के लिए एक नया मील का पत्थर साबित होगी।हमने फिल्म की कहानी और तकनीकी पक्ष पर खासा ध्यान दिया है, जिससे इसे दर्शकों तक एक नई और अनूठी शैली में पेश किया जा सके। मैं अपने फैंस का आभारी हूं, जो हमेशा मेरे काम को सराहते हैं और मुझे उम्मीद है कि 'राजाराम' भी उन्हें उतना ही पसंद आएगी, जितनी हमें इसे बनाने में मजा आया।

निर्माता-निर्देशक पराग पाटिल ने कहा, फिल्म राजाराम ,भोजपुरी सिनेमा के लिए एक अनूठी पेशकश है। 'राजाराम' में हमने एक ऐसा कॉन्सेप्ट तैयार किया है, जो अब तक भोजपुरी सिनेमा में नहीं देखा गया।टीजर सिर्फ एक झलक है, असली सरप्राइज तो फिल्म में है। खेसारीलाल यादव के साथ काम करना हमेशा शानदार अनुभव रहता है, और इस बार उनका किरदार दर्शकों को निश्चित रूप से चौंकाने वाला है।फिल्म की तकनीकी गुणवत्ता, निर्देशन और कहानी पर हमने विशेष ध्यान दिया है, जिससे इसे न केवल भोजपुरिया दर्शकों बल्कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए खास बनाया जा सके।

फिल्म राजाराम में खेसारीलाल यादव के साथ आर्य बब्बर, राहुल शर्मा, सोनिका गौड़ा, सपना चौहान,के के गोस्वामी, विनोद मिश्रा,संजय महानंद,सुबोध सेठ,वीणा पाण्डेय, निशा तिवारी,अमित शुक्ला, और संजय पांडे मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फ़िल्म के निर्माता पराग पाटिल और आर आर प्रिंस है।फिल्म की शूटिंग अयोध्या के वास्तविक स्थानों पर की गई है। फिल्म के लेखक अरविंद तिवारी हैं, जबकि डीओपी आर.आर. प्रिंस और म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी का है।इस फ़िल्म के सभी गाने सारेगामा हम भोजपुरी के यूट्यूब चैनल के साथ-साथ सभी लीडिंग म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे।

# 'तनु वेड्स मनु 3' में ट्रिपल रोल निभाएंगी कंगना रनौत

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत फिल्म 'तनु वेड्स मनु 3' में ट्रिपल रोल निभाती नजर आ सकती हैं। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म 'तनु वेड्स मनु' वर्ष 2011 में रिलीज हुई थी। इसकी दूसरी किस्त 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' वर्ष 2015 में प्रदर्शित हुयी।दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा कलेक्शन किया। दोनों फिल्म में कंगना रनौत और आर. माधन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।अब दर्शकों को इसकी तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार है। कहा जा रहा है कि 'तनु वेड्स मनु' की तीसरी किस्त की तैयारी की जा रही है। चर्चा है कि निर्देशक आनंद एल राय और उनके राइटिंग पार्टनर हिमांशु शर्मा ने 'तनु वेड्स मनु 3' की कहानी को अंतिम रूप दे दिया है। कहा जा रहा है कि 'तनु वेड्स मनु 3' में कंगना रनौत ट्रिपल भूमिका में नजर आ सकती हैं। यदि सबकुछ सही रहा तो कंगना पहली बार तीन किरदार में नजर आयेंगी। 'तनु वेड्स मनु 3' की शूटिंग 2025 के मध्य में शुरू होने की संभावना है।



# 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का नया टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

राजनीतिक थ्रिलर सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का नया टीजर रिलीज कर दिया गया है। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' में भारतीय इतिहास के एक निर्णायक क्षण को दर्शाया गया है। यह सीरीज डोमिनिक लैपियर और लैरी कॉलिन्स की प्रसिद्ध पुस्तक पर आधारित है। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' एक बेहतरीन राजनीतिक थ्रिलर है, जो वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता के आसपास की महत्वपूर्ण घटनाओं को शक्तिशाली रूप से प्रदर्शित करती है।

टीजर में महात्मा गांधी और मोहम्मद अली जिन्ना के बीच संघर्ष को दिखाया गया है। कहानी महात्मा गांधी द्वारा ब्रिटिश सरकार के खिलाफ प्रस्तावित असहयोग आंदोलन के इर्द-गिर्द घूमती है। यह शो नवंबर में सोनी लिव पर स्ट्रीम होगा। निखिल आडवाणी ने 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का निर्देशन किया है।उन्होंने कहा, फ्रीडम एट मिडनाइट भारत के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक पर आधारित है।

यह शो बहुत सावधानी के साथ किए गए शोध पर आधारित है, जो उस समय की भावनात्मक और राजनीतिक अराजकता को दर्शाता है।यह प्रमुख ऐतिहासिक हस्तियों को भी काफी गंभीरता से दिखाता है, जिसमें प्रत्येक चरित्र को अच्छी तरह से विकसित किया गया है। इस वजह से अभिनेता वास्तव में अपनी भूमिका में ढल पाते हैं। इसकी कहानी केवल राजनीति के बारे में नहीं है, बल्कि मानवीय अनुभवों, भावनाओं और चुनौतियों का भी जिक्र करती है, जिन्होंने एक युग को आकार दिया और राष्ट्र पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा।

स्टूडियोनेक्स्ट के सहयोग से एम्मे एंटरटेनमेंट ने 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का निर्माण किया है, जिसकी कहानी अभिनंदन गुप्ता, अद्विितिया करेंग दास, गुनदीप कौर, दिव्य निधि शर्मा, रेवंत साराभाई और एथन टेलर ने लिखी है।इस सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा, राजेंद्र चावला, आरिफ जकारिया, इरा दुबे, मलिष्का मेंडोंसा, राजेश कुमार, केसी शंकर, ल्यूक मैकगिबनी, कॉर्डेलिया बुगेजा, एलिस्टेयर फिनले, एंड्रयू कुलम, रिचर्ड टेवरसन समेत कई कलाकार नजर आयेंगे।

# रणवीर सिंह के साथ जोड़ी जमाएगी सारा अर्जुन

मुंबई/एजेन्सी



दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री सारा अर्जुन सिल्वर स्क्रीन पर बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के साथ जोड़ी जमाती नजर आ सकती हैं। रणवीर सिंह,आदित्य धर के निर्देशन में बनने वाली जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त आर. माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे अन्य कलाकार भी होंगे। चर्चा है कि आदित्य धर ने इस फिल्म में रणवीर के साथ रोमांटिक लीड रोल निभाने के लिए सारा अर्जुन को चुना है।बाल कलाकार के रूप में सारा अर्जुन ने जय हो, जज्बा,सांड की आंख, जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियन सेलवन में ऐश्वर्या राय बच्चन का युवा पात्र निभाया था। आदित्य धर की फिल्म में रणवीर सिंह पाकिस्तान में एक मिशन पर खुफिया अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। आर माधवन और अर्जुन रामपाल भी भारतीय खुफिया एजेंसियों के सदस्यों की भूमिका में होंगे, जबकि संजय दत्त खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म को अगले साल की दूसरी छमाही में रिलीज करने की योजना है।

# फिल्म मेकिंग को सबसे प्यारी चीज मानते हैं संजय लीला भंसाली

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार संजय लीला भंसाली, फिल्म मेकिंग को सबसे प्यारी चीज मानते हैं। संजय लीला भंसाली फिल्म इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ फिल्म मेकर्स में से एक हैं, जो कुछ सबसे कमाल की फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्में हमेशा खूबसूरत विजुअल्स, जबरदस्त कहानी और बेहतरीन कलाकार के अलावा उनके द्वारा बनाए गए लाजवाब संगीत के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में संजय लीला भंसाली एक टॉक शो में पहुंचे, जिसका प्रोमो जारी हुआ है। प्रोमो में भंसाली कह रहे हैं कि फिल्म मेकिंग उनके लिए सबसे प्यारी चीज़ है। उन्होंने कहा,यह मेरा भगवान है, यह मेरी माँ है, यह मेरा पिता है, यह मेरा प्रेमी है, यह मेरा सबकुछ है। संजय लीला भंसाली ने खामोशी : द म्यूजिकल, हम दिल दे चुके सनम, देवदास, ब्लैक, गुजारिश, गोलियां की रासलीला रामलीला, बाजीराव मस्तानी,पद्मावत और गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी बेहतरीन फ़िल्में निर्देशित की हैं।वह अब अपने अगले प्रोजेक्ट लव एंड वॉर की तैयारी कर रहे हैं। इस फ़िल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के होसूर रोड स्थित सुसवाणी माता धाम में श्री सुराणा संघ एवं भवरीबाई घेवरचंद सुराणा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के चौथे दिन नारायण हृदयालय के पास से सुसवाणी धाम तक पद यात्रा का आयोजन किया गया।

## सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के कामाक्षीपाल्या में क्षेत्र के निवासियों द्वारा आयोजित गणेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए कहा कि हमें अपनी सनातन संस्कृति पर गर्व है और हमें सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

# धर्म संयम ही व्यक्ति का सच्चा साथी है : विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां गणेश बाग शिवाजीनगर में विराजित श्री शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने 'उत्तराध्ययन सूत्र की प्रवचन माला' की विवेचना करते हुए कहा कि कर्म से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र माने गए हैं।

भोग के निदान का फल नरक तथा अनिदानी संयमी आत्माएं मोक्ष तक जाती है। मुक्तिमार्ग भिक्षु यानी अहंकार छोडकर ब्रह्मचर्य महान् व्रत का पालन करते हैं। मृत्यु, रोग, धन, बुढापा ये सभी मानव जीवन की अनाथता बताते हैं।

श्रेणिकराजा को मुनि ने अनाथ-सनाथ का सच्चा स्वरूप समझाया।। धर्म संयम ही सच्चा सनाथ है।

संघ प्रवक्ता प्रसन्नचंद माडोत ने सभा में उपस्थित सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपतराज मांडोत ने आभार व्यक्त किया।



# 'आचार्यश्री तुलसी द्वारा उद्घोषित अणुव्रत आचार संहिता में अनुशासन है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में स्थानीय अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के षष्ठम दिवस अनुशासन दिवस के रूप में साध्वीश्री सिद्धप्रभा जी के सान्निध्य में मनाया गया। महिला मंडल टीम द्वारा अणुव्रत गीत की मधुर प्रस्तुति दी गई। मंत्री हरकचंद ओस्तवाल ने स्वागत किया। तेरापंथ सभा, विजयनगर के अध्यक्ष मंगल कोचर ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के संगठन मंत्री राजेश चावत ने अनुशासन पर अपने विचार रखें।

साध्वीश्री दीक्षाप्रभाजी ने कहा कि अनुशासन सिर्फ तेरापंथ धर्म संघ का नहीं पूरी पृथ्वी का आधार है। अनुशासन दो प्रकार के होते हैं, परानुशासन और आत्मानुशासन। अनुशासन छोटी छोटी चीजों से शुरू होता हैं। साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने कहा कि अनुशासन नैतिकता सिखाता हैं। जीवन में अनुशासन हो तो अणुव्रती का पालन कर सकते हैं। आचार्यश्री तुलसी द्वारा उद्घोषित अणुव्रत आचार सहित में अनुशासन है। अणुव्रत के सभी आचार सहित को पालन करना अणुव्रती का अनुशासन हैं। कार्यक्रम मे अध्यक्ष देवराज रायसोनी, निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल पोरवाल, उपाध्यक्षा शांति सकलेचा, सहमंत्री प्रवीण बोहरा, कार्यसमिति सदस्यगण सभा संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुमित्रा बरडिया ने किया एवं सभी का आभार क्षेत्रीय संयोजिका अंजु सेठिया व्यक्त किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## नेत्र जांच शिविर

मैसूरु के बन्नूर गांव में स्थित रोटरी स्कूल में शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें डॉक्टर विजय व उनकी टीम ने स्थानीय लोगों की जांच की तथा जरूरतमंद मरीजों को चश्मे व दवाई दी गई। इस अवसर पर महेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजेशकुमार, माणकचंद सहित स्कूल के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।





# सुसवाणी धाम में आयोजित पद यात्रा संघ में लगे माता के जयकारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के होसूर रोड़ स्थित सुसवाणी माता धाम में श्री सुराणा संघ एवं भवरीबाई घेवरचंद सुराणा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के चौथे दिन नारायण हृदयालय के पास से सुसवाणी धाम तक पद यात्रा का आयोजन किया गया।

संघ के महामंत्री भीमराज सुराणा ने बताया कि पद यात्रा के लाभार्थी छीत्तरमल रतनलाल सुराणा की अगुवाई में जयकारा लगाते हुए संगीत की धुन पर श्रद्धालु पहले पार्श्व सुशील धाम पहुंचे और वहां माता दर्शन के पश्चात पद यात्रा संघ सुसवाणी धाम पहुंचा। संघ के अध्यक्ष महीपाल सुराणा ने सभी का स्वागत किया तथा मंदिर में आरती के बाद प्रतिष्ठित पांचों देवी को चुनड़ी अर्पित की गई। पद यात्रा व्यवस्था में सुराणा संघ एवं सुराणा यूथ के नाहरमल, सोहनलाल, नरेन्द्र कुमार, किशोर कुमार, जतिन, विकास, धीरज, प्रदीप, यश, गौतम सुराणा का सहयोग प्रशंसनीय रहा।



# पाप की सजा से कोई बचता नहीं : विमलसागरसूरी

## सेमिनार में बालकों ने समां बांधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। रविवार को यहां आचार्य विमलसागरसूरीश्वर ने कहा कि यदि गलत कार्य कर हम बच भी जाते हैं तो पुण्य के इस खेल पर बहुत इतराने जैसा नहीं है। क्योंकि पुण्य की समृद्धि देर-सबेर खत्म होनी है। आने वाले जन्म की बातें छोड़िये, गलत किये हुए की सजा इसी जन्म में भुगतनी पड़ सकती है। कर्म के दरबार में आज नहीं तो कल, सबका हिसाब होना है। कर्मवाद की व्यवस्था में कोई बच नहीं सकता। वहां कोई सिफारिश, संपत्ति, शक्ति या सत्ता की गर्मी काम नहीं लगती। पूरी तरह पककर एक दिन कर्म का प्रतिफल जिम्मेदार व्यक्ति तक बराबर पहुंचता है। उसमें कोई गफलत नहीं होती। जो जैसा करता है, वैसा भुगतता है। जो हम बोते हैं, वही हम पाते हैं। दोष भगवान का या किसी अन्य का नहीं, बोने वाले व्यक्ति का है। कर्मवाद की इस व्यवस्था को गहराई से समझने जैसा है।

नजरबाद स्थित शिक्षक सदन के निर्ग्रन्थ निवास में चार दिवसीय टीनएज सेमिनार के तीसरे दिन विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य ने बताया कि कभी कुछ गलत करने की चेष्टा मत कीजिए। गलत करने वाला कानून के शिकंजे में भले देर से आयें, दुर्भाग्य के शिकंजे में तो तत्काल आ जाता है। पाप-अपराध करके आप महावीर, महादेव, राम, कृष्ण, बुद्ध, अल्लाह या ईसु, किसी को प्रसन्न नहीं कर सकते। जो गलत का साथ दे, वे कभी पूज्य या आराध्य हो नहीं सकते। आचार्य विमलसागरसूरीश्वर ने बालकों में बढ़ रही आपराधिक प्रवृत्तियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब नई पीढ़ी को नये ढंग से पढ़ाने और संस्कारित करने की आवश्यकता है। पढ़-लिखकर लोग शातिर अपराधी बन रहे हैं, यह कैसी शिक्षा-दीक्षा है? अगर कोई सोचता हों कि पापकार्य कर कुशलता पूर्वक बचने का उपाय ढूंढ लेंगे तो बुद्धि का यह दुरुपयोग संसार के सर्वनाश का काम करेगा। आज क्रूरता और अपराधग्रस्त मानसिकता देखकर यही लगता है कि मानवीय समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं है।

गणि पद्मविमलसागर ने सेमिनार की रोचक संयोजना की। प्रश्नोत्तरी, खेल व स्मरण शक्ति प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सफल प्रतियोगियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि सेमिनार में आत्मविश्वास, व्यसनमुक्त जीवन, कल्याण मित्रों की संगति, माता-पिता के उपकार, अपराध मुक्त मानसिकता, आहार विज्ञान आदि अनेक विषयों की तलस्पर्शी चर्चा हुई।



# संतश्री पुष्करमुनि व महेन्द्रऋषि के जन्मदिन पर इन महापुरुषों के गुणों को किया याद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि साध्वी श्री धर्मप्रभाजी व स्नेहप्रभाजी के सान्निध्य में उपाध्यायश्री पुष्करमुनिजी की 115 वीं जयंती एवं श्रमण संघीय युवाचार्यश्री महेन्द्रऋषिजी का 57 वाँ जन्म दिवस सामूहिक एकासन व 2-2 सामायिक की साधना के साथ तप - त्यागपूर्वक हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरुभक्त, श्रद्धालुओं ने एकासना तप साधना करके गुरु चरणों में अपनी श्रद्धाभिव्यक्ति व्यक्त करते हुए तप की अनुपम भेंट प्रस्तुत की। द्वय महापुरुषों की जन्म-जयंती समारोह के साथ प्रातः 27 दिवसीय श्रीमद् उत्तराध्ययन सूत्र आराधना भी प्रारम्भ हुई।

साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने उपाध्याय श्री पुष्करमुनिजी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उपाध्यायश्री पुष्करमुनि जिनशासन के एक दैदीप्यमान नक्षत्र थे। स्थानकवासी परम्परा के महान संत शिरोमणि युगपुरुषों में अध्यात्मयोगी, राजस्थान केसरी, प्रसिद्ध वक्ता उपाध्याय श्री पुष्करमुनि महाराज थे। जिन्होनें समाज को इतन चिन्तन, नूतन विचार, वचनवाणी प्रस्तुत की, वे सृजनात्मक शक्ति में विश्वास करते थे। निन्दा, विकवा, अपमान को सहन की अद्भूत क्षमता, दुःख, परिषहों, उपर्सर्गी में चट्टान की तरह अविचल अडिग रहते हुए अपनी संयम-साधना में सतत् पुरुषार्थ शील सजग रहते थे। बचपन से गायत्री मंत्र पढ़ा करते थे, इस मंत्र पर अत्यन्त श्रद्धा भक्ति थी। समाज की विकृतियों को नष्ट कर संस्कृति की ओर बढ़ने की प्रेरणा दिया करते थे। अपनी महानता, दिव्यता भव्यता से जन-जन के अन्तमनिस को अपनी संयम साधना के अभिनव आलोक से आलौकित किया। श्रमण संघीय सुवाचार्य श्री महेन्द्रऋषिजी म. सा. के 57 वें जन्म दिवस पर उनके गुणों का स्मरण करते हुए उनके जीवन के बारे में जानकारी दी। महाराज साहव हिन्दी, मराठी, गुजराती, संस्कृत, प्राकृत, अंग्रेजी आदि अनेक भाषाओं के जानकार हैं।

प्रवचन के प्रारम्भ में साध्वीश्री स्नेह प्रभा जी महाराज ने 27 दिवसीय उत्तराध्ययन सूत्र का बांधन प्रारम्भ करते हुए कहा कि यह आगम हमारे प्रभु महावीर का हमें दिया हुआ सबसे बडा, खजाना है। उन्होंने समवशरण की भाव यात्रा करवाते हुए बड़ा ही रोचक व आत्मा को आनन्दित करने वाला वर्णन किया। उसके बाद उत्तराध्यन सूत्र के प्रथम अध्ययन विनयात की विवेचना करते हुए उन्होंने कहा कि विनय की पृष्ठभूमि पर ही धर्म, श्रमणाचार, व श्रावकाचार का विशाल भव्य प्रसाद गौरव टिका रह सकता है। विनय, आचार की शिक्षा देकर ही शिष्य साधक को अपने संयम जीवन और व्यवहार में कुशल, दक्ष, निपुण और जागरूक बनाया जा सकता है। बिना विनय के ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप की साधना हो ही नहीं सकती। मोक्ष रूपी मंजिल की पहली सीढ़ी की कृपा का उनके अर्थवाद काउन है विनया। जो का अधिकारी होता है। निर्माता गुरु के प्रति विनय जीवन निर्माण का आधार स्तम्भ जीवन है। उन्होंने सूत्र के माध्यम से विनम्रता, नम्रता और सरलता को धारण करने वाले साधन कैसे जीवन की बहुत ही ऊँचाईपों को छूते हैं।



# टीपीएफ बेंगलूरु सेंट्रल का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ भवन, गांधीनगर में साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में टीपीएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत मांडोत का सम्मान व तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ) सेंट्रल जोन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। हिम्मत मांडोत के टीपीएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी तेरापंथ संस्थाओं द्वारा सम्मान किया गया। टीपीएफ बेंगलूरु के निवर्तमान अध्यक्ष हितेश गिरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और नवनिर्वाचित टीपीएफ सेंट्रल जोन के अध्यक्ष पुष्पराज चोपड़ा को शपथ दिलाई।

अध्यक्ष पुष्पराज चोपड़ा ने अपने पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को शपथ दिलाई। वर्षा जैन को महामंत्री, आकाश गादिया को कोषाध्यक्ष, पीयूष डागा, संजय सुराणा, जितेंदरआंचलिया, राहुल डागा को उपाध्यक्ष व डिम्पल जैन, सूरज जैन, प्रेषिता आच्छा को सहसचिव और तृप्ति सुराणा को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर संबंधित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। साध्वी उदितयशाजी ने नई टीम को आशीर्वाद देते हुए प्रेरणा दी।



# आशापुरा धाम तक पैदल यात्रा संघ में श्रद्धा का सैलाब

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। रविवार को यहां आशापुरा धाम नवरात्रि महोत्सव के तहत सुबह बन्नरघट्टा रोड के मीनाक्षी मंदिर के सामने 14 किलोमीटर की पैदल संघ यात्रा में माताजी खेतलाजी के सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया। संघ के लाभार्थी परिवार शा मदनलाल अगरचंद भंडारी परिवार ( मरूधर- लेटा) का ट्रस्ट मंडल द्वारा विजय तिलक कर सभी भक्तों को पैदल संघ किट का वितरण कर बैंड बाजे के साथ खेतलाजी के गुणगान करते हुए संघ मंदिर की ओर रवाना हुआ। माताजी के जयकारों के साथ श्रद्धालु झूमकर पैदल यात्रा संघ में चले। पैदल संघ यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई। राणीबेन्नूर के प्रसिद्ध बैंड पार्टी और कर्नाटक संस्कृतिक का ढोलकुनिता नगाड़े, रथ, भव्य ज्योति के साथ श्रद्धालु पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मंदिर पहुंचे। जहां माताजी को 56 भोग अर्पित किया गया लाभार्थी परिवार का सम्मान हुआ।

सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। सायं भव्य आरती एवं भक्ति संध्या एवं दर्शन में देर रात तक भक्तों की लंबी लाइन में मेला लगा रहा। मंदिर में आए सभी लोगों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई।

पैदल संघ यात्रा की व्यवस्था महेंद्र भंडारी, कैलाश भंडारी, सुरेश भंडारी ने संभाली, भोजन व्यवस्था भेरूमल भंडारी, नरपत भंडारी, सुमेर भंडारी, राजेश भंडारी, वीरेंद्र भंडारी ने संभाली, पूरे दिन के कार्यक्रम में युवा मंडल एवं



महिला मंडल का पूरा सहयोग रहा। कार्यक्रम संचालन प्रवीण भंडारी एवं ट्रस्ट मंडल के समस्त ट्रस्टीगण का सहयोग रहा। निरंजन पंडितजी के नेतृत्व में अहमदाबाद से पधारे पंडितों द्वारा 10 दिनो के लिये चल रहे शत चंडी पाठ का विधि विधान से यज्ञ पूजन हवन चल रहा है। सोमवार चतुर्थी के दिन सुबह 10.30 बजे विशेष गणपति विशेष पूजन, गणपति 56 भोग, विशेष आरती एवं मंगलवार पंचमी के दिन खेतलाजी विशेष पूजन, खेतलाजी 56 भोग, विशेष आरती, सभी भक्तों के हाथों से खेतलाजी को तेल सिंदूर अर्पण करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।



## अभिनंदन

साध्वी ऋतंभरा ने डॉक्टरों के साथ रविवार, को मथुरा के वृंदावन में वात्सल्य ग्राम में आयोजित नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर के समापन समारोह के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का अभिनंदन किया।



# आऊवा महिला मंडल की मासिक संगोष्ठी सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के आऊवा जैन महिला मण्डल की मासिक संगोष्ठी चामराजपेट स्थित हर्षा चोपडा के निवास स्थान पर अध्यक्ष कांता रायसोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संगोष्ठी में नवरात्रि पर्व अनुष्ठान एवं महत्व पर विचार रखते हुए सदस्याओं ने कहा कि नौ दिनों तक चलने वाले इस त्योहार की रौनक हर जगह देखने को मिल रही है। इस पर्व का काफी महत्व है। इन नौ दिन लोग शक्ति की पूजा-आराधना करते हैं। यह देवी के लिए एक विशेष समय है, जो ईश्वर की स्त्री प्रकृति का प्रतिनिधित्व करती है।सदस्यों ने नवरात्रि गीत का सामूहिक गान किया एवं गरबा-डांडिया रास का आनंद लिया। मंडल के पूर्वाध्यक्ष मंजु चंडालिया, मैना मांडोत, शारदा पावेचा, दुर्गा सुराणा ने मण्डल के सदस्या व जीतो नार्थ लेडीज विंग की चेयरपर्सन रही बिन्दु रायसोनी के दो वर्षीय सफलतम कार्यकाल के लिए उनका सम्मान किया। अध्यक्ष कांता रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, विजेताओं को चोपड़ा परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया। सहमंत्री मंजु रायसोनी ने धन्यवाद दिया। संचालन मंत्री पिंकी इसरानी ने किया। उपाध्यक्ष वसंता रायसोनी ने आगामी संघ यात्रा की सूचना दी।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com